


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 270/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 09 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




OPERATION SINDOOR

# पाक पर भारत का प्रचंड वार

## सेना का 'देसी सुपरहीरो', जिसने रात के अंधेरे में पाक को दिखाई उसकी ताकत

### पाकिस्तान के ओकारा आर्मी कैंट पर भारत का ड्रोन अटैक, सुबह हुआ हमला, जैसलमेर में बॉर्डर के गांव खाली कराए

**नई दिल्ली/ जैसलमेर/ श्रीनगर।** पाकिस्तान में इस समय दहशत का माहौल है। इससे पहले कल पाकिस्तान ने भारत में ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। जवाबी कार्यवाही में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ओकारा आर्मी कैंट पर भारत ने ड्रोन अटैक किया है। यह अटैक शुक्रवार सुबह ही किया गया, जिसकी पुष्टि की गई है। इसके साथ ही चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, हद्ध का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है।

राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर से 20 किलोमीटर दायरे में गांव खाली कराए जा रहे हैं। जैसलमेर में मिलिट्री स्टेशन है और पाकिस्तान बॉर्डर का 500 किमी हिस्सा सटा हुआ है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के सांबा में इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ ने 7 आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान की धनधार पोस्ट पर फायरिंग की गई।

बता दें कि पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में 11 जगहों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तानी सुसाइड ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया। इसके बाद भारत ने अपने डिफेंस सिस्टम S-400 से इन हमलों को नाकाम कर दिया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि आकाश मिसाइल का भी इस्तेमाल किया गया।



## राजनाथ ने सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की



पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज छ्ष्ठस् और तीनों सेना प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक लगभग दो घंटे तक चली, जिसमें सीमा पर ताजा स्थिति और सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा हुई।

**सेना प्रमुख ने दी जमीनी हालात की जानकारी-** बैठक के दौरान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान के साथ लगे सीमावर्ती क्षेत्रों के मौजूदा हालात से रक्षा मंत्री को अवगत कराया। वहीं, एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारतीय वायुसेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। भारत के %ऑपरेशन सिंदूर% से बुरी तरह बौखलाए पाकिस्तान की सेना ने गुरुवार रात भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थित कई महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

### पाक की भरी संसद में सुनाई खरी-खरी

## मोदी का नाम लेते हुए डर लगता है

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जोरदार एयरस्ट्राइक पाकिस्तान के अंदर घुसकर की थीं। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने जंग तो छेड़ दी,



लेकिन उसमें भी मुंह की ही खा रहा है। हर दिन पाकिस्तान के शहरों तक में भारत टारगेट कर रहा है, जबकि पाकिस्तानी हमले आसमान में ही नाकाम हो रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को पाकिस्तान की संसद में जंग को लेकर डिबेट हुई तो एक सांसद ने अपनी सरकार को गीदड़ बता दिया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सांसद शाहिद अहमद ने कहा कि शहबाज शरीफ की सरकार तो गीदड़ है। उन्होंने कहा कि इतने कमजोर लोग हैं कि नरेंद्र मोदी का नाम तक लेने से डरते हैं।

## पाकिस्तान ने जंग में नुकसान बता मांगा दुनिया से कर्जा, मजाक उड़ा तो अब नया बहाना



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। भारत ने पहले आतंकवादी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। इसके बाद पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम को भी निशाना बनाया। इस सबके बीच पाकिस्तान के वित्त विभाग का एक ट्वीट वायरल हो रहा है, जिसमें वर्ल्ड बैंक को टैग करते हुए कर्जे की मांग की जा रहा है। भारत के प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो की तरफ से इस ट्वीट पर चुटकी ली गई है।

## संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है: मोहन भागवत



भारत और पाकिस्तान के बीच हालात लगातार खराब हो रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी सभी देशवासियों से एकजुट होने की अपील की है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि इस चुनौतीपूर्ण समय में प्रशासन की सभी सूचनाओं का अनुपालन करें। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बयान जारी करते हुए भारत के लोगों से अपील की है कि देश की एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें।

**ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र-** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने बयान में कहा कि, पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## 'थैंक्यू इंडिया', भारत ने अब्दुल रऊफ अजहर का किया सफाया अमेरिका ने कहा- हो गया न्याय

अब्दुल रऊफ अजहर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में अपनी भूमिका के कारण मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है. अब्दुल रऊफ 1974 में पाकिस्तान में पैदा हुआ था. वह भारत में कई आतंकी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में शामिल रहा है. उसने ही 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान IC-814 के अपहरण की साजिश रची थी.



अब्दुल रऊफ अजहर पर अमेरिका ने दिसंबर 2010 में प्रतिबंध लगाया था। उसके नेतृत्व में 2016 में जैश ने उरी हमले को अंजाम दिया जिसमें 19 भारतीय सैनिक मारे गए। तीन साल बाद, 14 फरवरी, 2019 को रऊफ ने पुलवामा आत्मघाती बम विस्फोट की साजिश रची थी जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान मारे गए थे। भारत ने 6 मई की देर रात बालाकोट के बाद से अब तक का सबसे बड़ा सीमा पार हमला किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किया गया, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

भारत द्वारा सैन्य कार्रवाई कर मारे गए अब्दुल रऊफ की मौत पर अमेरिका ने इसे जस्टिस डिलिवर्ड बताया है। कुख्यात आतंकी की मौत से अमेरिका के साथ-साथ यहूदी समुदाय भी काफी ज्यादा संतुष्ट नजर आ रहा है।

### अमेरिका ने किया भारत का समर्थन

अमेरिका के पूर्व राजदूत और संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रहे जालमे खलीलजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान क्रूर आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर को मार गिराया है। यह वही शख्स है जिसने 2002 में यहूदी पत्रकार डेनियल पर्ल का सिर कलम कर हत्या कर दी थी। आज इंसाफ हुआ है। थैंक्यू इंडिया।

### युएस महिला डिप्लोमैट ने पीएम मोदी को टैग कर कहा धन्यवाद

अमेरिका की एक वरिष्ठ डिप्लोमैट एली कोहैनिम ने भी अब्दुल रऊफ अजहर की मौत पर भारत को धन्यवाद कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय झ्को टैग कर लिखा, हम लंबे समय से डेनियल पर्ल के लिए न्याय का इंतजार कर रहे थे। उनकी बेरहमी से हत्या की गई थी। मैं व्यक्तिगत रूप से भारत सरकार की आभारी हूं।

### अंतरराष्ट्रीय मीडिया और यहूदी समुदाय ने की सराहना

भारत द्वारा की गई कार्रवाई को इजरायली अखबार 'द यरूशलम पोस्ट' ने प्रमुखता से कवर किया और अपनी रिपोर्ट में कहा कि दुनिया भर का यहूदी समुदाय भारत की इस कार्रवाई से राहत महसूस कर रहा है। जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ भारत की सख्ती को वैश्विक समर्थन मिल रहा है।

## भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला, रद्द किए आईपीएल 2025 के बचे मैच

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब क्रिकेट की दुनिया में भी साफ दिखने लगा है। ताजा जानकारी के अनुसार, बीसीसीआई ने IPL 2025 के बाकी सभी मैचों को रद्द करने का बड़ा फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, BCCI की ऑनलाइन हुई एक बैठक में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। बता दें कि इस सीजन में कुल 74 मुकाबले खेले जाने थे, जिनमें से अभी 16 मैच बाकी हैं।



**सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश-** सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान में भारत में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है, और सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े सार्वजनिक आयोजनों पर अस्थायी रोक लगाने की सिफारिश की थी। इस सिफारिश का पालन करते हुए बीसीसीआई ने यह कड़ा कदम उठाया है। क्रिकेट के फैंस के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि IPL एक ऐसा खेल है जिसे करोड़ों लोग देखना पसंद करते हैं। हालांकि, वर्तमान स्थिति को देखते हुए सुरक्षा को सर्वोपरि माना गया है।

**क्या IPL 2025 दोबारा शुरू हो पाएगा?-** अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या IPL 2025 के मैच फिर से शुरू हो पाएंगे या इस सीजन को अधूरा ही मान लिया जाएगा? क्रिकेट प्रशंसकों के बीच इस सवाल को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। बीसीसीआई और संबंधित अधिकारी स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं और किसी भी निर्णय से पहले सुरक्षा और सार्वजनिक भलाई को प्राथमिकता दी जाएगी।

## पाकिस्तान को UNSC आतंकवाद समर्थक देश घोषित करेगा, भारत की एक्शन की तैयारी!

भारत ने अब पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएसी) में बेनकाब करने की तैयारी पूरी कर ली। इसका असर ये होगा कि आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान को आतंकवाद समर्थक देश घोषित किया जा सकेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पहले तो सिंधु जल समझौते को सस्पेंड कर पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज कर दिया। फिर आतंकवाद को समर्थन देने और प्रायोजित करने वाले संगठनों लश्कर-ए-तैयबा को समर्थन देने की कोशिशों को दुनिया के सामने उजागर करने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए। इसका मकसद पाकिस्तान को फिर से वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की 'ग्रे लिस्ट' कैटेगरी में डालना ही नहीं है।



पाकिस्तान को पूरी तरह से बेनकाब करते हुए उसे 'आतंकवाद समर्थक देश' घोषित करने के प्रयास तेज हो गए। इसके लिए भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएसी) में अपनी बात पुरजोर तरीके से रखनी होगी, ताकि पाकिस्तान को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया जा सके। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित कई अधिकारियों ने दुनिया के सामने पाकिस्तान की नीतियों को जाहिर कर दिया है।

उन्होंने कई देशों से बात कर न सिर्फ पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का पर्दाफाश किया, बल्कि इसके मद्देनजर सुबूत भी सामने रख दिए। पाकिस्तान ने जिस तरह से आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू किया।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## पाकिस्तान के सारे आतंकी कैंप बर्बाद किए जाएं

### भारत पीछे नहीं हटेगा-भारत अपनी जगह तैयार है

देश के विद्वान और प्रखर सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जिस प्रकार ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया वो काबिले तारीफ है। शायद ही देश के किसी और सांसद ने या जनप्रतिनिधि ने इतने मुखर शब्दों में एवं आक्रामक मुद्रा में साक्षात्कार दिए हों। इसके द्वारा उन्होंने पाकिस्तान उर्फ आतंकिस्तान को चेतावनी दी और साथ-साथ भारत को भी आगाह कर दिया कि पाकिस्तान से आतंकवाद इतने जल्दी समाप्त नहीं होगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि असदुद्दीन ओवैसी को हिन्दुस्तान से कितना लगाव और प्यार है। उन्होंने केन्द्र सरकार के आतंकवाद के खिलाफ उठाए सभी कदमों की खुले मन से प्रशंसा की है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाए कि दोबारा भारत में पहलगाम जैसी घटना न हो। आतंकवादी भारत की तरफ कदम उठाने से पहले 100 बार सोचें।



**ओवैसी जैसी मुखरता दिखाना जरूरी**

ओवैसी ने कहा कि मुझे मेरे मुल्क से बहुत मोहब्बत है इसलिए उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए इन नारों का मतलब यह है कि ओवैसी हिंदुस्तान से मोहब्बत करते हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख 55 वर्षीय सांसद असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद पब्लिक स्कूल में पढ़े तथा उस्मानिया यूनिवर्सिटी, लंदन यूनिवर्सिटी से डिग्रियां प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पाकस्तिान में जो आतंकी मारे गए उसके नमाजे जनाजा पर अब्दुल रऊफ अजहर आया है, उनके पीछे आतंकी संगठन के लोग और पाकिस्तान की आर्मी है। यह पाकिस्तान का असली चेहरा है, हम लोग गलतफहमी का शिकार न हो जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को 'हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई' किसी से मतलब नहीं है। वो सिर्फ भारत को कमजोर करना चाहता है, जो कभी नहीं होगा। फिर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इतना ही अच्छा है तो बलूच और पठान क्यों परेशान है उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान अगर तनाव को बढ़ाएगा तो भारत सरकार ने कह दिया है कि हम पीछे नहीं हटेंगे।

भारत अपनी जगह पर पूरे तरीके से तैयार है। इस बीच एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है। कहा, केंद्र सरकार हर वो तरीके अपनाए जिससे पाकिस्तान को कमजोर किया जा सके। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से आम नागरिकों पर की जा रहीगोलीबारी का भी जिक्र किया। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो भी पोस्ट किया। इसमें वे पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए तथा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर रक्षाबलों द्वारा किए गए लक्षित हमलों का स्वागत किया और कहा कि पड़ोसी देश में आतंकी ढांचे को पूरी तरह से तबाह कर दिया जाना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि सरकार को सिर्फ 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद ही नहीं रुकना चाहिए उन्हें चाहिए कि पूरे पाकिस्तान में जहां भी और आतंकी कैंप हैं उन्हें बर्बाद किया जाए। असदुद्दीन ओवैसी जिस तरह आतंकवाद की मुखालफत करते हुए मुखर हुए हैं काश और लोग भी ऐसी मुखरता दिखाएं तो सरकार का आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हौसला और भी अधिक बुलंद होगा।

**जय हिंद, जय भारत**
**भरत पटेल**

## सीएम योगी बोले- सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें... भारत हर हाल में विजयी रहेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है... आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं... सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा।



## भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 424.65 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में कमी दर्ज की गई। भारत ने गुरुवार देर रात जम्मू, पठानकोट सहित सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम कर दिया। इसके अलावा, उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 अन्य हमलों को भी विफल किया गया। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले



## BSF ने सांबा जिले में घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकियों को किया ढेर, रात में सीमा पार कर रहे थे आतंकी

**जम्मू।** बीएसएफ ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। बीएसएफ जम्मू के अनुसार, कल रात 11 बजे आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। बीएसएफ ने बताया कि 8-9 मई 2025 को बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे कम से कम सात आतंकवादी मार गिराए। साथ ही पाकिस्तान की ढांढर पोस्ट को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान सीमापार से बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। उड़ी क्षेत्र में भी वह गोलाबारी कर रहा है।



## 'घबराकर तेल के लिए नहीं लगाएं लाइन, देश में पर्याप्त स्टॉक: तेल कंपनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है। गुरुवार और शुक्रवार की रात में पाकिस्तान की तरफ से भारत के आबादी वाले इलाकों में मिसाइल और ड्रोन अटैक किया था। भारत की तरफ से इसका मजबूती के साथ जवाब दिया जा रहा है। इस बीच सोशल मीडिया पर पेट्रोल पंप के बाहर लम्बी लाइनें लगने के पोस्ट सामने आ रहे हैं। इस पर IOCL (Indian Oil Corporation Limited) की तरफ से बयान दिया गया है। कंपनी ने कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। हर एक आउटलेट्स पर एलपीजी और तेल पर्याप्त मात्रा में है।



## नागरिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की अद्यतन सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति तथा विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड श्री अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता श्री ए. साई मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागार मे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ किया। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### विधायक रामेश्वर शर्मा ने लालघाटी, गांधीनगर, संत हिरदाराम नगर क्षेत्र का किया दौरा

# फाटक रोड पर बन रहे आरओबी की धीमी गति पर भड़के आशाराम चौराहे से गांधीनगर एयरपोर्ट रोड होगा 10 लेन



**संत हिरदाराम नगर।** विधायक रामेश्वर शर्मा ने गुरुवार को सुबह 8 बजे लालघाटी, गांधीनगर एवं संत नगर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, एसडीएम, अपार आयुक्त नगर निगम सहित विद्युत एवं पुलिस विभाग के आला अफसर उपस्थित रहे।


लालघाटी पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि लालघाटी पर बने ग्रेड सेपरेटर के दूसरा हिस्सा जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा रुकवा दिया गया था उस प्रस्ताव को दोबारा तैयार करने को कहा है वह जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से भेंट भी करेंगे। शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुत जल्द ही लालघाटी से एयरपोर्ट रोड़ सिंगारचोली आरओबी के नीचे सर्विस रोड को व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि अधिकतम चौड़ाई के साथ सर्विस रोड का निर्माण करें साथ ही इस सर्विस रोड़ में आने वाले बिजली के खंभों को शिफ्ट किया जाए। विधायक रामेश्वर शर्मा ने गांधीनगर के आशाराम चौराहे से गांधीनगर बस स्टैंड एवं एयरपोर्ट रोड़ का निरीक्षण किया। शर्मा ने बताया कि इस मार्ग को 10 लेन किया जाएगा। गौरतलब है कि अयोध्या बायपास से गांधीनगर आशाराम चौराहे तक 8 लेन बनाया जा रहा है। परंतु एयरपोर्ट का मुख्य मार्ग होने की वजह से विधायक रामेश्वर शर्मा ने यहां 10 लेन किए जाने की मांग केंद्रीय मंत्री से की थी। जिसके लस्वरूप इस मार्ग को 10 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा किया जाएगा।

### संत नगर के एलिवेटेड के पियर्स अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश

विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत नगर में 305 करोड़ से 3.5 किलोमीटर बन रहे एलिवेटेड ब्रिज का भी अवलोकन किया। शर्मा ने इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों से इसके पियर्स इसी अगस्त तक निर्मित करने को कहा जिससे बरसात एवं व्यावसायिक सीजन में नागरिकों व्यापारियों को असुविधा न हो। साथ ही संत नगर बस स्टैंड से सिविल अस्पताल के आगे तक सीवेज लाइन जल्द से जल्द शिफ्ट करने के निर्देश संबंधितों को दिए है। इस दौरान शर्मा ने कहा कि इस एलिवेटेड को हलालपुर बस स्टैंड तक आगे बढ़ाए जाने पर भी विचार किया जा रहा है जिससे शादी गार्डनो के सामने लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिल सकेगी।

संत नगर के फाटक रोड़ पर बने रहे आरओबी निर्माण का अवलोकन करने पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा रेलवे के अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग पिछले कई महीने से अपना काम पूरा करके बैठा है आप अपने हिस्से का काम पूरा करने की एक नई तारीख दे देते है ये गलत है नागरिकों ने अपने व्यापार व्यवसाय रोक कर सहयोग किया है नगर का एकमात्र श्मशान घाट आने में नागरिकों को दिक्कत हो रही है। ये ठीक नहीं है। रेल्वे अधिकारियों ने आगामी अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। यदि रेल्वे अक्टूबर तक कार्य पूर्ण कर देता है तो नवंबर अंत तक यह आरओबी का शुभारंभ किया जा सकेगा।

## एक छोटा सा अनुरोध



हम भारतीय सेना की भलाई के लिए 1,000 प्रार्थनाओं की श्रृंखला कर रहे हैं। एक प्रार्थना कहें और इसे दस लोगों को आगे भेजें, मुझे छोड़कर। इस श्रृंखला को आगे बढ़ने दें। नमो भगवते महासुदर्शनाय, वासुदेवाय, अमृत कलश हस्ताय, सकल भय विनाशाय, सर्व रोग निवारणाय, त्रिलोक पथये, त्रिलोक निधये, श्री महाविष्णु स्वरूपाय, श्री श्री औषध चक्र नारायणाय नमः. वेदों के अनुसार, यह एक बहुत ही शक्तिशाली मंत्र है जो हमें स्वस्थ रखता है। आपका अनुरोध और मंत्र का उद्देश्य भारतीय सेना की भलाई और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करना है।

## ज्वेलर्स की दुकान से महिला एवं पुरुष सोना चुराते हुई रंगें हाथों पकड़े



**भोपाल।** महालक्ष्मी ज्वेलर्स 10 नंबर मार्केट में हबीबगंज थाने का मामला अज्ञात महिलाओं एवं दो पुरुषों ने सोने के जेवर चुराने की कोशिश की रंगे हाथ पकड़ा दुकान के संचालक माधव अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात दो महिला दो पुरुष दुकान में आए और कुछ सोने के जेवर मांगे जिसमें से कुछ जेवर उन्होंने चुरा लिए पूरा मामला सी सी टी वी कैमरे में कैद हुआ 10 नंबर व्यापारी संघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने उचित कार्रवाई की मांग की एवं प्रशासन से अनुरोध किया की सोने चांदी दुकान के आसपास पुलिस चौकी और पुलिस तैनात की जाए एवं सी सी टी वी केमरे लगाया जाए जिससे इस तरह के चोरों पर पाबंदी लगे।

### पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा हो रही है अब और भी कुशल

# मरीज को बीयू हेलीपेड से एयर लिफ्ट करने की हुई मॉक ड्रिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने %पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा% से कई जिंदगियों को बचाया जा रहा है। सेवा में और तेजी लाने करने के लिए भोपाल में मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान डमी मरीज को बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी में बनाए गए हेलीपेड से एयर लिफ्ट किया गया। इसके पहले भोपाल विमानतल से उड़कर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय पहुंचे एयर एम्बुलेंस को लैंड करवाकर टेस्टिंग की गई ।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से समय-समय पर कई ज़िंदगियों को बचाया जा चुका है । ऑर्गन ट्रांसप्लांट एवं गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल सर्व सुविधायुक्त अस्पताल है । यहां से रेफर किए गए मरीजों को पूर्व में भी पीएम श्री एंबुलेंस के माध्यम से लिफ्ट कर उपचार हेतु भेजा गया है साथ ही प्रदेश के दूसरे जिलों से रोगियों को उपचार के लिए एम्स लाया जाता है।बरकतउल्ला विश्वविद्यालय स्थित हेलीपैड के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से नजदीक होने के कारण मरीज को शीघ्र ही उपचार हेतु भेजा जा सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर बाहर भी भेजा जा सकता है। भोपाल विमानतल तक पहुंचने में लगने वाले समय की अवधि को कम करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किये जाने की सेवा प्रदाय की जाती है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सड़कों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ित घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार के लिये हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि एम्स से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर इस दूरी को अधिकतम 3 से 4 मिनिट में पूरा किया जा सकता है। गंभीर मरीजों को न्यूनतम समय में उपचार के लिए एयर लिफ्ट करवाने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल की गई।

## रेलवे सलाहकार समिति सदस्य श्रीवास्तव ने किया मंडीदीप स्टेशन का निरीक्षण

**भोपाल।** डीआरयूसीसी सद्स्य निलेश श्रीवास्तव द्वारा हाल ही में मंडीदीप स्टेशन का निरीक्षण किया गया। क्योंकि यहां की काफी शिकायते मिलने पर रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य निरीक्षण करने पहुंचे थे। मंडीदीप स्टेशन पर सर्व प्रथम स्टेशन मैनेजर ओम कुमार शर्मा से भेंट की गई। जहां पर मूलभूत सुविधाओं को तरसता मंडीदीप स्टेशन लोगो के लिए नरक साबित होता दिखा। तुरन्त निलेश श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही हेतू निर्देशित किया। यहां पर न तो पानी, न शौचालय, ना पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएँ थी, जिसको मंडीदीप स्टेशन तरस रहा था। सलाहकार समिति सदस्य निलेश श्रीवास्तव ने पूरे मंडीदीप स्टेशन का जायजा लिया। साथ ही बाउंड्री या फेंसिंग ना होने से खुले मे पटरी पार करते समय कई लोग ट्रेन की चपेट में आ गए है सूचना प्राप्त होते ही मौके का निरक्षण कर संबंधित डीआरएम ऑफिस में पत्राचार कर यथावत स्थिति से अवगत कराया तथा मंडीदीप स्टेशन को अमृत भारत योजना से जोड़ने के लिए संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क किया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। निलेश श्रीवास्तव ने कहा की हम जनता व रेल यात्रियों को हर सम्भव सहायता प्रदान करने हेतू संकल्पित है द्य निरीक्षण करते समय ॠषि पाण्डेय, रवि शर्मा, राहुल बंसल, निखिल वर्मा, सिद्धांत यादव आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, मार्गदर्शिका जारी



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयार विस्तृत मार्गदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु सतत प्रयत्नशील है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए एक विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें पाठ्यक्रमों की जानकारी, पात्रता एवं प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया उपलब्ध है। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए, उन्हें कौशल आधारित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए आमंत्रित किया है। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों से कहा कि उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लीजिए, कौशल सीखिए एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनिए। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ भी प्रेषित की है।

### 15 हजार ईको क्लब गठित

भोपाल। प्रदेश में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिये विद्यालयों में ईको क्लब का गठन लगातार किया जा रहा है। अब तक 15 हजार ईको क्लब का गठन किया जा चुका है। प्रदेश में वर्ष 2022-23 से यूथ एण्ड ईको क्लब के गठन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये थे। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ईको क्लब की गतिविधियों के संबंध में कैलेण्डर जारी किया जाता है। शैक्षणिक सत्र-2024-25 में 5 से 12 जून, 2024 तक राज्य में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान, जल शक्ति अभियान, सम्पोषणीय जीवन-शैली संबंधित गतिविधियाँ, ईको हेकाथॉन के साथ निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गयीं। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक जीवित गवाह, एक पेड़ की नजर से रखा गया था। स्कूलों में शैक्षणिक-सत्र 2025-26 के लिये पर्यावरण पर केन्द्रित कैलेण्डर तैयार किया जा रहा है। कैलेण्डर के अनुसार ईको क्लब में विद्यार्थियों की गतिविधियाँ सुनिश्चित की जायेंगी।

## दादाजी धाम मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा तक पूजन कार्यक्रम



**भोपाल।** रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में एकादशी पर गुरुवार भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई एवं आज प्रदोष व्रत पर शिव भक्त शिवजी की पूजा-अर्चना के लिए भक्त उमड़ रहे है। इस मौके पर शिवजी का पुष्पों से श्रृंगार कर जलाभिषेक और आरती की जाएगी। दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि रविवार को भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार के प्रकटोत्सव पर मंदिर में पूजन, हवन आरती की जाएगी। उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा वहीं सोमवार 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर दादाजी धाम मंदिर के गर्भगृह परिक्रमा में विराजमान भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर भक्तों द्वारा पूजा -अर्चना की जाएगी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### 8000 पेड़ों को बचाने को लेकर बैठक रविवार को

**भोपाल।** पर्यावरण की रक्षा के लिए, अपनी सांसों की रक्षा के लिए हो रहे जन आंदोलन जो 18 मई रविवार को ठीक 5 बजे अयोध्या बायपास पर होगा। यह जानकारी देते हुए डा.राजीव जैन संयोजक एवं प्रवक्ता ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया एमपी चैप्टर ने बताया कि इसी आंदोलन के संदर्भ में पेड़ों को बचाने की रूपरेखा तैयार करने एवं जिम्मेदारीयां सुनिश्चित करने हेतु एक मीटिंग 11 मई रविवार सायं 4 से 5 बजे तक स्थान श्रीकृष्ण रेस्टोरेंट, एचआईजी-2, राजीव नगर, बालाजी अस्पताल के पास, अयोध्या बायपास रोड में आयोजित की गई है। जिसमें अपने सुझाव एवं जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु सादर आमंत्रित हैं।

# अपने -अपने क्षेत्र में और भी अधिक सक्रियता से काम करें : बृजमोहन श्रीवास्तव




भोपाल। राकापा के नेता बृजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि देश के सभी माननीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य व कार्यकर्ता और विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान ,पंजाब,हिमाचल प्रदेश,गुजरात जैसे सीमावर्ती राज्यों के साथियों युद्ध के इस महत्वपूर्ण दौर में जब हमारी भारतीय सेना दुश्मनों की चुनौतियों का साहस और दृढ़ता से सामना कर रही हैं, ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है कि हम एकजुट, सतर्क और साहस के साथ अपने -अपने क्षेत्र में और भी अधिक सक्रियता से काम करें ।

ऐसे में एक जिम्मेदार एनसीपी कार्यकर्ता व भारतीय के रूप में समय की माँग है कि हम यह साबित करें कि भारत के हितों के लिये सतर्क और ज़िम्मेदारी को समझते हुए हम देश के लिए समर्पित हैं। इस दौरान हमारी यह भी ज़िम्मेदारी है कि चर्चाओं व सोशल मीडिया में अफवाहों, झूठी खबरों और डर फैलाने वाली बातों को हतोत्साहित करें व उनका ज़ोरदार तरीक़े से हर स्तर पर खंडन भी करें ।

हमारे आदरणीय नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजीत पवार व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रफुल पटेल हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। ऐसे में हमें उनकी मंशानुसार अपने -अपने क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अधिक से अधिक लोगों के सम्पर्क में रहना है ।

आइए हम सब मिलकर युद्ध के इस दौर में देश की एकता को मजबूत करें, हमारे जवानों का हौसला बढ़ाएं और अपने क्षेत्र के नागरिकों में साहस, शांति और विश्वास बनाए रखने के लिये कार्य करे जिससे राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में हमारी भूमिका सार्थक हो सके ।

## सुर शंकरा की 10 मई को गौहर महल एवं 11 को गौहरगंज जेल में होगी गीतों की गर्माहट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा रेत घाट चौराहा के पास, गौहर महल में आयोजित राज्य स्तरीय खादी उत्सव में सुर शंकरा म्यूज़िकल ग्रुप की 150वीं प्रस्तुति 10 मई 2025 को शाम 6-30 बजे से एवं 151वीं प्रस्तुति 11 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से जिला रायसेन की सब जेल गौहरगंज में सम्पन्न होने जा रही है सुर शंकरा म्यज़िकल ग्रुप के कार्यकारी अध्यक्ष/मैनेजर इंजी. प्रतीक गर्ग एवं प्रेरणास्रोत/सिंगर निहारिका गर्ग ने बताया कि राज्य स्तरीय खादी महोत्सव में समस्त प्रकार के खादी वस्त्र, हाथ करधा वस्त्र, रेशमी साड़ीयाँ, ग्रामोद्योग सामग्री विक्रय के लिये उपलब्ध रहेंगी द्य इस प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश के सम्पूर्ण खादी एवं ग्रामोद्योग इकाईयों द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है एवं प्रदर्शनी में प्रदेश के स्व-सहायता समूह के उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे द्य 10 मई के गौहर महल में होने वाले कार्यक्रम का टाइटल गीत जानू मेरी जान मैं तेरे कुर्बान रहेगा जिसमें सिंगर के रूप में बेबी अलीज़ा खान, आयशा खान, प्रतिभा अग्रवाल, मीना पुरोहित, सुरेश गर्ग, बसंत बाथरे, बी. एल. रायकवार व अनिल जैवार अपनी आवाज़ का जादू राज्य स्तरीय खादी उत्सव में उपस्थित व्यापारी बंधुओं एवं दर्शकों के सामने बिखेरने की तैयारी किये हुए हैं।

वहीं दूसरी तरफ़ 11 मई के गौहरगंज जेल में होने वाले कार्यक्रम का टाइटल गीत आ अब लौट चलें रहेगा जिसमें सिंगर बेबी अलीज़ा खान, आयशा खान, प्रतिभा अग्रवाल, सुरेश गर्ग व बी. एल. रायकवार अपनी आवाज़ का जादू सहायक जेल अधीक्षक यशवंत शिल्पकार व बंदी भाइयों की उपस्थित में बिखेरने की जोरशोर से तैयारी किये हुए हैं ।

इन दोनों कार्यकमों की एंकरिंग ग्रुप की संभागीय अध्यक्ष आयशा खान, वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी ग्रुप के कप्तान बी. एल. रायकवार एवं लेपटॉप ऑपरेटिंग ग्रुप की होनहार बाल कलाकार बेबी अलीज़ा खान करते दिखाई देंगे द्य

## भोपाल में आयोजित होगा 10वां वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कॉन्फ्रेंस वैसोकॉन 2025




**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल इस सप्ताहांत एक प्रतिष्ठित चिकित्सा आयोजन की मेज़बानी करने जा रही है। 10 और 11 मई को होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित होने जा रही वैसोकॉन 2025 नामक दो दिवसीय वार्षिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कॉन्फ्रेंस में देशभर से वरिष्ठ डॉक्टर, शोधकर्ता और विशेषज्ञ जुटेंगे। यह आयोजन भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा किया जा रहा है और इसमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं लिवर से जुड़ी जटिल वेसकुलर स्थितियों पर चर्चा की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस में इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एम पी चैप्टर , इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ग्रेटर भोपाल ब्रांच, इंडियन सोसाइटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी (एमपी चैप्टर), एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन एम पी चैप्टर, भोपाल हेमेटोलॉजी सोसाइटी और भोपाल सर्जन क्लब का सहयोग प्राप्त है। आयोजन गैस्ट्रोकेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है, जो मध्यप्रदेश में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और संबद्ध रोगों की जानकारी एवं शोध को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रमुख संगठन है। कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में संक्रमण और कैंसर के साथ-साथ ब्लीडिंग (रक्तस्राव) और थ्रोम्बोसिस (खून का थक्का जमना) मानव जीवन के लिए अत्यंत गंभीर और घातक परिस्थितियाँ बन चुकी हैं। चाहे शरीर का कोई भी अंग प्रभावित हो, इन दोनों स्थितियों के मूलभूत सिद्धांत समान रहते हैं। चिकित्सा विज्ञान में इन विषयों पर निरंतर समीक्षा और अद्यतन जानकारी आवश्यक है। बीते वर्षों में रक्त प्रबंधन, डायग्नोस्टिक तकनीकों और संवहनी रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय रखा गया है- वैसोकॉन - जीआई ट्रैक और लिवर में वेसकुलर ईवेंट- सही समय पर पहचानें और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करें।

डिटेक टेक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट लिखेगी औद्योगिक विकास का नया अध्यायः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# अचारपुरा में 160 करोड़ के निवेश के साथ 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। उन्होंने इसे मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास का नया अध्याय बताते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित उत्पादन इकाइयों का आना, इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश अब पारंपरिक के साथ विशेषीकृत और उच्च गुणवत्ता वाले उद्योगों के लिए भी पसंदीदा स्थल बन चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस यूनिट से न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेडिटेक टेक्सटाइल सेक्टर का यह निवेश, मध्यप्रदेश को मेडिकल टेक्सटाइल, हाईजीन और हेल्थ सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार निवेश लाने की नीति पर नहीं, निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही है। इस यूनिट का निर्माण जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध टीडब्ल्यूई ग्रुप और भारत के अनुभवी ओबीटी ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा. लि. नामक यह कंपनी अचारपुरा में लगभग 160 करोड़ रु. की लागत से उच्च तकनीक आधारित उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रही है। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के हाईजीन उत्पादों में प्रयुक्त टेक्सटाइल कंपोनेंट्स जैसे,ष्ठरु टॉप शीट और बैक शीट का निर्माण किया जाएगा।इन उत्पादों की भारत में अब तक आयात पर निर्भरता रही है। यह यूनिट चालू होने पर देश को आत्मनिर्भर बनाएगी और मेडिटेक टेक्सटाइल उत्पादों में मेक इन इंडिया को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में स्थापित करेगी। उत्पादन के पहले चरण में ही 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है, वहीं यूनिट के स्केल बढ़ने पर यह संख्या कई गुना तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में यह यूनिट एक उदाहरण बनेगी कि कैसे सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचा और उद्योगों के अनुकूल माहौल किसी भी वैश्विक निवेशक के लिए भरोसे का केंद्र बन सकता है। कंपनी ने उपलब्ध ज़मीन, बिजली, परिवहन और अन्य सुविधाओं को निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। तकनीकी मानकों पर यह यूनिट भारत में अपने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक फैक्ट्री होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्पष्ट विजन के साथ नई औद्योगिक रणनीति अपनाई है जिसमें 'निवेश और निर्माण' को साथ लेकर चलना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निवेशक अब मध्यप्रदेश में तेज़ फैसलों, सहज प्रक्रियाओं और भरोसेमंद माहौल के चलते बड़े निर्णय ले रहे हैं। मेडिटेक टेक्सटाइल जैसे अत्याधुनिक क्षेत्र में इस तरह का निवेश इसी विश्वास का परिणाम है। यूनिट के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां बिना बॉयलर के संचालन होगा और उत्पादन प्रक्रिया से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। हाईजीन और हेल्थ सेक्टर से जुड़ी यह यूनिट स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा. लि. की ओर से बताया गया कि यह यूनिट पूरे देश में उनकी पहली और प्रमुख इकाई होगी। यह मेडिटेक टेक्सटाइल के क्षेत्र में देश में तकनीकी उत्पादन की शुरुआत मानी जाएगी। जर्मनी से उच्च स्तरीय तकनीकी सहयोग के साथ यह यूनिट भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए एक नई दिशा तय करेगी।



राज्य सरकार इस यूनिट को टेक्सटाइल ओडीओपी, पीएम मित्र पार्क और क्लस्टर पॉलिसी से जोड़कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को पहले से ही राष्ट्रीय पहचान प्राप्त है और अब मेडिटेक, टेक्निकल और हाईजीन टेक्सटाइल में यह यूनिट उस पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश मेडिटेक टेक्सटाइल जैसे उच्च श्रेणी के उत्पादों के लिए एक हब के रूप में स्थापित होगा, जहां नवाचार, तकनीक और रोजगार तीनों साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। यह निवेश केवल एक यूनिट नहीं बल्कि राज्य के औद्योगिक भविष्य का मजबूत संकेत है।

## ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजनाः मप्र और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कल होगा एमओयू साइन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़नवीस की मौजूदगी में 10 मई को भोपाल में ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्जपरियोजना का एमओयू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद अब मध्यप्रदेश में तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना पर कार्य होगा। इस अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना के सभी अवरोध अब दूर हो गये है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। इसके जरिए महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में कुल 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हैक्टेयर भूमि उपयोग में लायी जाएगी।





## समर कैंप में सौ से अधिक बच्चों ने भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ बार्डर पर तैनात सैनिकों का उत्साह बढ़ाया

**भोपाल।** प्राइम समर कैंप के राहुल प्रजापति एवं नताशा जैन द्वारा करीब सौ से अधिक बच्चों ने भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ बॉर्डर पर लड़ रहे सैनिको का उत्साह बढ़ाने के लिए नारे लगाकर सेल्यूट किया। इस अवसर पर भोपाल किराना व्यापारी महासंघ महामंत्री, एवं कैट के पूर्व प्रवक्ता विवेक साहू ने सभी बच्चों को भारत-पाकिस्तान के युद्ध के बीच की ताजा स्थिति की जानकारी देते हुए कहाँ कि हम सभी भारतीय नागरिक बॉर्डर पर जाकर तो नहीं लड़ सकते, परंतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बॉर्डर पर लड़ रहे हर सैनिक का हौसला जरूर बढ़ा सकते हैं। विवेक साहू ने बताया की प्राइम समर कैंप में 3 साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगाए।

# वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक होटल से वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास से दो तेंदुए की खाल और जंगली सूअर के दांत की बरामदगी हुई है, जिनकी अनुमानित कीमत 21 करोड़ रुपये हैं. दोनों युवकों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जिस पर न्यायालय ने 18 मई तक रिमांड पर भेजा है. इस मामले में एसडीओ कैलाश भधकरे (वन विभाग) ने बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय (ष्ठक्रढ्ढ) की टीम को यह सूचना मिली थी कि उज्जैन में दो लोग ऐसे सक्रिय हैं, जोकि व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से तेंदुए की खाल और जंगली सूअर के दांत का सौदा कर रहे हैं.

### फेक कस्टमर बनकर आए थे अफसर

इस सूचना के बाद डीआरआई की टीम ने और भी जानकारी जुटाई और उसके बाद जिला वन प्रभाग के साथ मिलकर टीम के लोग नकली ग्राहक बनकर इन लोगों से मिलने के लिए होटल में पहुंचे. यहां जब तेंदुए की खाल और जंगली सूअर के दांत को लेकर डील पूरी तरह पक्की हो गई तो टीम ने दोनों ही आरोपियों को सबूत सहित गिरफ्तार कर लिया.अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों के नाम शैलेंद्र और किशोर हैं. आरोपियों के खिलाफ़ वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत आगे की जांच के लिए उज्जैन में जिला वन प्रभाग को सौंप दिया गया.

### कैसे होती थी डील?

बताया जाता है कि आरोपियों ने तेंदुए की खाल और जंगली सुअर के दांत बेचने के लिए वाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट डाली थी, जिसमें लिखा गया था कि उनके पास दो खाल हैं और वे उन्हें बेचना चाहते हैं. व्हाट्सएप पर डाले गए इस प्रकार के मैसेज की जानकारी जब डीआरआई की टीम को लगी तो उन्होंने तुरंत इस मैसेज को संज्ञान में लिया. व्हाट्सएप पर ही इन लोगों से बात होने के बाद वह नकली ग्राहक बनकर उज्जैन आ गए, जहां उन्होंने उज्जैन की एक होटल में इन लोगों से मुलाकात की और फिर इन्हें गिरफ्तार कर लिया. बताया जाता है कि तेंदुए की खाल और जंगली सूअर के दांत की कीमत लगभग 21 करोड़ रुपए है.

# अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे हो सकेगी बात, बीएमसी सागर में टेली मेडिसिन सेंटर का शुभारंभ

टेली मेडिसिन का सफल क्रियान्वयन और पीएचसी की भीड़ बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह करेगा कार्यःउप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में टेलीमेडिसिन सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे मरीज की बात हो सकेगी एवं उचित उपचार प्राप्त हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भीड़ एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थापित टेलीमेडिसिन सेंटर में आने वाले कॉल्स की संख्या बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह कार्य करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि टेलीमेडिसिन योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा की प्राथमिकता वाली योजना है। योजना से गांव-गांव के पीड़ित व्यक्ति को विषय विशेषज्ञ डॉक्टर की निशुल्क सलाह मिल सकेगी एवं उनका समय पर इलाज हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित विशेष रूप से आरोग्य मंदिरों में टेलीमेडिसिन सुविधा शुरू की जाए। जहां डॉक्टरों की सूची चस्पा की जावे एवं उनके फोन नंबर भी संबंधित सीएचओ, बीएमओ को उपलब्ध कराएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल टेलीमेडिसिन/ वीडियो कॉन्फ्रेंस/वर्चुअल माध्यम से उनका उपचार दिया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने टेलीमेडिसिन सेंटर का लोकार्पण किया और मौके पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकोटी से डॉ राहुल एवं वहां उपस्थित मरीज से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम बात की, उनके उपचार की जानकारी ली और टेलीमेडिसिन सुविधा के बारे में जाना। इस दौरान टेलीमेडिसिन के नोडल डॉक्टर भूपेंद्र रोहित ने पीड़ित व्यक्ति के ब्लड प्रेशर, शुगर एवं होने वाली पीड़ा की जानकारी ली, अन्य सवाल पूछे और संबंधित को खून की जांच कराने को कहा साथ ही आवश्यक दवाएं बताईं। बीएमसी के डॉ रमेश पांडे ने बताया कि टेली मेडिसिन के लिए डॉक्टर रुचि जयसवाल, डॉक्टर अंकित जैन, डॉक्टर दिनेश जैन, डॉक्टर पीयूष जैन को नियुक्त किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर और भी विशेषज्ञ डॉक्टर टेलीमेडिसिन सुविधा के लिए उपलब्ध रहेंगे। विधायक शैलेंद्र जैन ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में हृदय रोग की आधुनिक मशीनरी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर की आवश्यकता की बात कही। जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस विषय पर शासन द्वारा पीपीपी मोड पर सेवाएं प्रदान करने की कार्रवाई चल रही है, शीघ्र ही इस पर निर्णय होगा और सागर वासियों को हृदय रोग का इलाज भी मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में अन्य सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. मनीष जैन, डॉ. सौरभ जैन सहित मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों के डॉक्टर और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



## निर्माण कार्यों में लायें गति, खरीदें आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचरः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल। उप मुख्यमंत्री एवं सागर ज़िले के प्रभारी श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वास्थ्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों में गति लाने और समानांतर रूप से आवश्यक उपकरण और फर्नीचर खरीदने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की उपलब्धता भी साथ ही सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए मैनपॉवर की उपलब्धता बढ़ाने पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में स्वास्थ्य विभाग के अधोसंरचना विकास संबंधी कार्यों की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी परियोजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों से पूर्व में ही चर्चा की जाए तथा उनके साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाएं। उन्होंने उपस्थित विधायक गण से भी कहा कि वे उनके क्षेत्र विशेष के कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति आदि से समय-समय पर अवगत कराएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास कार्यों में गति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो, ताकि कार्यों की गति बनी रहे और गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सके।

# मंत्रियों-अफसरों के उपयोग वाली 53 खटारा अनुपयोगी कारों की होगी नीलामी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मंत्रियों और अफसरों द्वारा उपयोग की गई दुघर्टनाग्रस्त, पुरानी, क्षतिग्रस्त और अनुपयोगी सफारी, इनोवा और इडिंगो कारों की नीलामी राज्य सरकार करेगी। ऐसे 53 वाहनों की सार्वजनिक नीलामी ई निविदा के जरिए की जाएगी। इन कारों को खरीदने के इच्छुक लोग और संस्थाएं छह मई से 27 मई के बीच ऑनलाईन अपने प्रस्ताव भर सकेंगे। मध्यप्रदेश स्टेट गैरेज अधीक्षक ने सालों पुराने जर्जर क्षतिग्रस्त अनुपयोगी वाहनों की नीलामी के लिए प्रस्ताव बुलाए है। पहले मंत्रियों को सफारी गाड़ी प्रदान की जाती थी। इसमें नौ सफारी स्ट्रोम वाहनों की नीलामी की जाना है। इसके अलावा सफारी वीएक्स श्रेणी की 28 गाड़ियां नीलाम की जाना है। इंडिगो माझा एक, इनोवा छह और इनोवा क्रिस्टा नौ वाहन स्टेट गैरेज में रखे हुए है। इनको खरीदने के लिए ऑनलाईन नीलामी में शामिल होंना होगा। इनमें अधिकांश वाहन अपनी ढाई लाख किलोमीटर वाहन चालन की सीमा पार कर चुके है। कुछ वाहन क्षतिग्रस्त भी है जिनकी मरम्मत पर काफी खर्च आ रहा था। अब स्टेट गैरेज अधीक्षक इनकी ई नीलामी करेंगे। इसके लिए छह मई से 27 मई तक लोग प्रस्ताव ऑनलाईन दे सकेंगे। पहले तकनीकी बिड 30 मई को खोली जाएगी। इसके बाद वित्तीय बिड खोली जाएगी। जो भी इन वाहनों की सबसे अधिक कीमत देने को तैयार होंगे उन्हें ये वाहन बेचे जाएंगे।



# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एल.वी.-1 घरेलू और एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2= गैर-घरेलू और एल.वी.-4= एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। वहीं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें एल.वी.-1 घरेलू, एल.वी.-2 गैर घरेलू, एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और एलवी-4 एलटी औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।



संपादकीय

## आतंकवादियों को संरक्षण देना ही पाकिस्तान समझता है सबसे जरूरी काम

यह जगजाहिर है कि भारत में आतंकवाद की समस्या को ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। यह भी छिपा नहीं है कि भारत में आतंकी वारदात के लिए जिम्मेदार संगठनों को पाकिस्तान किस स्तर पर शह देता रहा है और इसी वजह से कितने आम लोग पिस रहे हैं। हाल ही में पहलगाम में आतंकी वारदात पाकिस्तान की साजिशों की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस पर्यटकों को जान गंवानी पड़ी। इस आतंकी हमले की जैसी प्रकृति थी, उससे स्वाभाविक ही न केवल भारत में व्यापक दुख और आक्रोश पैदा हुआ, बल्कि दुनिया भर में इस घटना पर चिंता जताई गई।

भारत के सामने यह चुनौती थी कि वह आतंकियों के इस दुस्साहस के खिलाफ किस हद तक सब्र करे। फिर भी भारत ने संयम से काम लिया और बहुत सोच-समझ कर अपनी प्रतिक्रिया दी। संवाद के जरिए पाकिस्तान को समझाने और आतंकवाद को समर्थन देने से रोकने के लिए भारत ने जितना संभव था, वह सब किया। मगर ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के लिए शांति और संवाद का रास्ता कोई महत्त्व नहीं रखता और आतंकवादियों को संरक्षण देना ही वह जरूरी समझता है।

यह बेवजह नहीं है कि सारे विकल्प खत्म होने के बाद आखिर भारत को सख्त कदम उठाने पड़े और उसने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकानों पर कामयाब हमला किया। दरअसल, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पिछले कई दिन से बिना वजह के सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बार-बार संघर्षविराम का उल्लंघन जारी था। ऐसे में भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। मगर पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय जिस तरह भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी की, उसमें कई लोगों की जान चली गई। भारत के ठोस जवाब के बावजूद गुरुवार को आई खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके भारत में पंद्रह जगहों पर हमला करने की कोशिश की, जिसे भारत ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया। एक ओर, लगातार आतंकवादी हमले और साजिश को झेलने के बावजूद भारत ने अंतिम विकल्प के रूप में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया भी तो वह 'केंद्रित और नपी-तुली' प्रतिक्रिया थी, वहीं पाकिस्तान अपनी मंशा के बेपर्द होने पर भी ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए है, जिसे उकसावे की कार्रवाई कहा जा सकता है।

# टूटता पाकिस्तान, जुड़ता हिंदुस्तान

**सरयूसुत मिश्रा**

पाकिस्तान का भारत पर जवाबी अटैक उल्टा उसी पर भारी पड़ गया. लाहौर करांची, रावलपिंडी, सियालकोट में धमाकों से पाकिस्तान हिल गया है. आतंकी ठिकानों पर भारत के मिसाइल अटैक से सौ से ज्यादा आतंकवादी मारे गए हैं. आतंकवादियों के जनाजे को पाक सेना कांधा दे रही है.. !

पाकिस्तान सेना और आतंकवादियों के गठजोड़ को पूरी दुनिया देख रही है. भारतीय सेना ने जैसा पहले ही सोच लिया था कि, पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा. इसी हिसाब से भारत का एयर डिफेंस सिस्टम बाढ़ की तरह से पाक हवाई सीमा पर नज़रें गडाए हुए था.

सात और आठ मई की रात पाक सेना ने भारत के पंद्रह शहरों में मिसाइल और ड्रोन से सैन्य ठिकानो पर अटैक करने की कोशिश की. जिसे भारतीय सेना ने हवा में ही तबाह कर दिया. पाक की इस जवाबी मूर्खता का दुष्परिणाम उनके शहरों में धमाकों के रूप में अब दिखाई पड़ रहा है. अब तो भारतीय सेना ने अधिकृत रूप से यह बता दिया है कि, लाहौर में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को बर्बाद कर दिया गया है.

अभी भी भारत का रुख यही है कि, उसकी लड़ाई इस्लामिक आतंक के खिलाफ है. भारतीय सेना ने ना तो पाकिस्तान के सैनिक ठिकानो पर हमला किया और ना ही सिविल इलाकों पर. पाक सेना ने भारत की सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश करके और सीमावर्ती क्षेत्रों में सिविल इलाकों में भारी फायरिंग करके जो अक्षम्य भूल की है, उसका खामियाजा उसे भुगतना ही पड़ेगा.

ऑपरेशन सिंदूर कंटीन्यूअस प्रोसेस है. भारतीय सिंदूर का श्राप पाक को साफ कर देगा. बलूचिस्तान अलग राष्ट्र बन जाएगा. खैबर पख्तून भी अलग हो जाएगा. पीओके तो भारत का ही हिस्सा है, उस पर भारत देर सबेर कब्जा कर ही लेगा. सिंध भी साथ में रहना नहीं चाहेगा. केवल पंजाब प्रांत ही पाकिस्तान के नाम पर बचेगा.

पूरी दुनिया इस्लामिक आतंकवाद से त्रस्त रही है. अमेरिका ने भी इसको भोगा है. इस्लामिक आतंकवादी इस्लाम को ही बदनाम कर रहे हैं. इजरायल, इस्लामी आतंकवाद से निरंतर लड़ रहा है. इस्लामी आतंकवाद से चीन भी परिचित है. इसीलिए चीन में उइगर मुसलमानों को वामपंथी तानाशाही का शिकार बना कर रखा गया है. इन



मुसलमानों को अपनी बात कहने तक का अधिकार नहीं है. पूरी दुनिया में जहां भी धमाके होते हैं, उसके पीछे इस्लामी आतंकवाद भी होता है.

ऐसा चलते हुए दशकों गुजर गए हैं. पहले तो इस्लामिक राष्ट्र इस्लाम के नाम पर एक साथ आ जाते थे लेकिन धीरे-धीरे जब उदारवादी इस्लामी राष्ट्रों ने ऐसा महसूस किया कि, आतंकवादी दुनिया में इस्लाम को बदनाम कर रहे हैं तो फिर इन राष्ट्रों ने ऐसे देशों से किनारा कर लिया जो आतंकवादियों को पालते पोषते हैं.

पाकिस्तान को आज इस्लामिक देशों की ओर से भी अगर समर्थन नहीं मिल रहा है तो उसका यही कारण है कि, सारे देश यह जानते हैं कि, इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान ने पूरी दुनिया का शोषण किया है और आतंकवाद का हमेशा साथ दिया है. पाकिस्तान के तो हालात ऐसे हैं कि, उसकी सेना भी पैसा लेकर किसी दूसरे देश से ल?ने चली जाती है.

धीरे-धीरे पाकिस्तान के सारे हथकंडे एक्सपो? हो गए हैं. भारत का जहां तक सवाल है, उसने तो बहुत अधिक बर्दाश्त किया है. पाक ने नामालूम में भारत पर कितने हमले किए हैं, इन सब का बदला बहुत पहले ही ले लिया जाना चाहिए था. इस बात पर पूरी दुनिया में लगभग कंसेंसस है कि, इस्लाम के नाम को बदनाम कर आतंकवाद फैलाने वालों को ज? से समाप्त करना शांतिपूर्ण और विकसित विश्व के लिए जरूरी है.

वक्त आ चुका है कि, इस्लामी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंका जाए. यह सबसे सही समय है कि, उन देशों को भी सबक सिखाया जाए जो आतंकवाद को पालते पोषते हैं.

पाक सेना ने मारे गए आतंकवादियों के जनाजे - नमाज में जिस तरीके से मिलिट्री ड्रेस में शामिल हुए उससे तो यह साबित हो गया कि, सेना और आतंकवादी एक दूसरे से मिले हुए हैं. इनको अलग देखना भी सही नहीं होगा.

भारत को अब अपना मानवीय दृष्टिकोण छोड़कर पाक सेना को निशाना बनाना चाहिए. यह ऐसा मुल्क है जो कभी सुधर नहीं सकता. इसके आतंक का जवाब गोली है. इनके साथ न्याय की बात बेमानी है. पाकिस्तान की सरकार और वहां की सेना पर आवाम का भरोसा नहीं है. ऐसे भी हलात बन सकते हैं कि पाक की जनता ही सरकार और सेना के खिलाफ जंग शुरू कर दे. कुछ सूबों में तो यह जंग चल ही रही है. सांप से निपटने के लिए दया भाव छोड़ना पड़ेगा, उसके फन को कुचलना ही पड़ेगा.

इस्लाम जैसे पवित्र धर्म का सम्मान बचाना है तो इस्लामिक आतंकवाद को कुचलना ही पड़ेगा. इस्लामिक देश इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. उन्हें पाकिस्तान से ज्यादा अपने इस्लाम की पवित्रता की चिंता है. इस पर अगर पाकिस्तान के कारनामों से चोट पहुंच रही है तो उदारवादी इस्लामिक राष्ट्र इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं ?

भारत में इतनी सैन्य क्षमता विकसित कर ली है कि अब चुन चुन कर बंकर तक घुसकर आतंकवादियों को नेस्तानाबूद किया जा सकता है.

भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर अटैक के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की मीटिंग्स और उनसे निकलने वाले संदेश यही बता रहे हैं कि, इस बार भारत आतंकवादियों को कल्पना से बड़ी स?ा देगा. पाकिस्तान से बदले के लिए राजनीतिक आम सहमति भी भारत की बड़ी ताकत है. वैसे व्हाइट कॉलर टेररिज्म की तरह से विचार करने वालों की भारत में कोई कमी नहीं है. आम जनमानस भले राष्ट्र के स्वाभिमान को जीवन से ऊपर स्वीकार करता है लेकिन व्हाइट कॉलर टेररिस्ट हर मौके पर सर्जिकल अटैक करते पाए जाते हैं.

सर्वदलीय बैठक में आम सहमति और एकजुटता सैन्य शक्ति और राष्ट्र को मोरल विक्ट्री दिला देती है. भारतीय सिंदूर का श्राप दुनिया से इस्लामिक आतंक को साफ कर देगा. पाकिस्तान की टेरर फैक्ट्री निश्चित रूप से बर्बाद होगी. जु?ते हिंदुस्तान और टूटते पाकिस्तान के बीच युद्ध के नतीजे दीवार पर लिखी इबारत जैसे साफ पढ़े जा सकते हैं.

## महाराणा प्रताप जयंती : महान वो होता है जो अपने देश, जाति, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता न करे और सतत संघर्ष करता रहे

### ऐसे ही व्यक्ति लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहते हैं



**- योग गुरु महेश अग्रवाल**

आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने शौर्य और पराक्रम का दूसरा नाम महाराणा प्रताप की जयंती पर महापुरुष को सादर नमन करते हुए बताया कि योग प्रशिक्षण के दौरान महापुरुषों की जयंती, सभी राष्ट्रीय पर्व एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनायें जाते है , इस प्रकार के आयोजनों से हमें महापुरुषों के आदर्श, गुणों, शिक्षा, सिद्धांतों को जीवन में उतारने की प्रेरणा मिलती है। महापुरुषों के जीवन से हमें जीवन जीने की कला प्राप्त होती है। प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। कैसे जीवन जीना है, उसका बोध होता है। महापुरूषों के जीवन के अनुभव ऐसे हैं कि उनके विचार जीवन की विपरीत परिस्थितयों में भी वे हमें आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रेरित करते हैं। महापुरूषों की स्तुति करने से जीवन को सम्यक ज्ञान, श्रद्धा, चिंतन, मनन शक्ति और सदाचरण करने का बल प्राप्त होता है। देश के महापुरुषों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान रहा है और आज भी उनकी शिक्षाएं हमारे लिए उतनी ही महत्वपूर्ण व प्रेरक हैं। ऐसे में समय - समय पर युवा पीढ़ी को देश के महापुरुषों के बारे में जानकारी देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में सेमीनार एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को देश की संस्कृति व इतिहास से जोड़ने के लिए इस तरह की कार्यशालाओं की आवश्यकता है। विद्यार्थियों का ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से मनोबल बढ़ेगा। आज के प्रतियोगी युग में हर विद्यार्थी पर खुद को साबित करने का दबाब है, लेकिन छात्र नैतिक मूल्यों के साथ संस्कार भी सीखेंगे, तो निस्संदेह वे अपने लक्ष्य को भी हासिल कर लेंगे।

योग गुरु अग्रवाल ने महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्य के बारे में बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 ईस्वी को राजस्थान के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। उनके पिता महाराणा उदयसिंह और माता जीवत कंवर या जयवंत कंवर थीं। वे राणा सांगा के पौत्र थे। महाराणा प्रताप को बचपन में सभी %कीका% नाम लेकर पुकारा करते थे। महाराणा प्रताप की शक्ति और उनका घोड़ा - महाराणा प्रताप के पास उनका सबसे प्रिय घोड़ा %चेतक% था। महाराणा प्रताप जिस घोड़े पर बैठते



थे वह घोड़ा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। ऐसा कहा जाता है कि महाराणा प्रताप तब 72 किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला अपने हाथ में रखते थे। भाला, कवच और ढाल-तलवार का वजन कुल मिलाकर 208 किलो था। राणा 208 किलो वजन के साथ युद्ध के मैदान में उतरते थे। सोचिए तब उनकी शक्ति क्या रही होगी। हल्दी घाटी युद्ध में महाराणा प्रताप ने अभूतपूर्व वीरता और साहस का परिचय दिया जंगल में रहकर ही महाराणा प्रताप ने भीलों की शक्ति को पहचानकर छापामार युद्ध पद्धति से अनेक बार विरोधियों को कठिनाइयों में डाला था। साधन सीमित होने पर भी दुश्मन के सामने सिर नहीं झुकाया। इसके बाद दुश्मनों ने कई बार महाराणा प्रताप को चुनौती दी लेकिन दुश्मनों को मुंह की खानी पड़ी। आखिरकार, युद्ध और शिकार के दौरान लगी चोटों की वजह से महाराणा प्रताप की मृत्यु 1597 को चावंड में हुई। 30 वर्षों के संघर्ष और युद्ध के बाद भी कोई भी महाराणा प्रताप को न तो बंदी बना सका और न ही झुका सका। महान वो होता है जो अपने देश, जाति, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता न करें और सतत संघर्ष करता रहे। ऐसे ही व्यक्ति लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहते हैं।

# कलमा पढ़ाने आए थे फ़ातिहा पढ़ रहे हैं

**राकेश शर्मा**

पाकिस्तानी प्रायोजित आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में छब्बीस पुरुष पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने इसलिए गोलियों से भून दिया क्यूंकि वह हिंदू थे और जब उनसे कलमा पढ़ने को कहा गया वह नहीं पढ़ पाए।

इस नृशंस हत्याकांड के बाद भारत की आत्मा सिहर उठी, रोष से भर गई, सांसे रुक गई। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने 140 करोड़ देश वासियों की तरफ़ से संकल्प लिया की इन आतंकवादियों को दुनिया के किसी भी कोने में , आताल में , पाताल में भी ढूँड ढूँड कर चुन चुन कर मारेंगे और कल्पनातीत सज़ा देंगे।

मोदी तो मोदी हैं, संकल्प लेने के बाद उसे पूरा करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होकर काम में जुट जाते हैं।ऐसा ही उन्होंने सात मई की मध्यरात्रि में पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों का समूल नाश कर पहलगाम और इससे पूर्व आतंकवादी घटनाओं का बदला लिया और सरकार के अनुसार लगभग सौ आतंकी ढेर कर दिए जिसमे चौदह आतंकवादियों सरगना अजहर मसूद के परिवार के ही थे। इस खबर के बाद सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित दुनिया का सबसे दुर्दांत आतंकी अजहर फूट फूट कर रोया की उसके परिवारजनों के साथ उसे भी क्यों नहीं मारा गया और अब वह जी कर क्या करेगा।

अजहर मसूद , जब अपने पर आती है, अपने परिवार पर आती है तब बिलबिलाते हुए आंसू निकलते हैं और अब मौत की दुआ मांग रहे हो , हम तो इस पर आमीन ही कहेंगे और वायदा करते हैं फातिया पढ़ने भी नहीं आयेंगे। 72 हूरों के पास जाने से पहले सिर्फ यह बता जाना जब विश्व भर में आपने सैकड़ों मासूम लोगों को मौत के घाट उतारा तब यह आंसू क्यों नहीं बाहर थे , उन माता, बहनों, बच्चों के दुख ने आपको क्यों नहीं सताया, तड़पाया, याद रखो जिस स्थिति में तुम भागे भागे मौत की दुआ मांग रहे हो यह उन सभी प्रभावित परिवारों की बददुआ का असर है।

पाकिस्तान हर मंच पर कहता फिरता है कि वह निर्दोष है और स्वयं ही आतंकवाद से ग्रसित है और दुनिया से मदद की भीख माँगता रहता है। लेकिन पाकिस्तान के रक्षा मंत्री और बिलावल भुट्टो ने इनकी पोल खोलकर सरेआम स्वीकार किया कि इन्होंने आतंकवाद को अपने यहाँ पुष्पित और पल्लवित किया है, इसके साथ ही कुटिल राजनीति के तहत कह दिया की यह अमेरिका और ब्रिटेन के इशारे पर आतंकवादियों को पाला पोषा। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान का आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले आरोप की पुष्टि कर दी। जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इनके नों आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया तो आतंकियों के ताबूत को पाकिस्तानी झंडे में क्यूँ लपेटा गया, आर्मी, पुलिस और राजनेताओं ने इन आतंकियों को आख़िरी विदाई क्यूँ दी। इससे आपने पुरे विश्व को स्वतः प्रमाण दे दिया की आप आतंकी मुल्क हो और आतंकवाद की जननी हो।

क़हते है ना जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। आज भारत के रक्षा मंत्री ने सर्वदलीय बैठक में कह दिया की ऑपरेशन सिंदूर अभी ख़त्म नहीं हुआ है, उधर आज सुबह से ही पाकिस्तान में , ख़ासकर लाहौर, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, क्वेटा में बम और गोलियों के धमाकों से पाकिस्तान दहला हुआ है। इनके एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो गए हैं। कहा जा रहा हैं की इसमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और तहरीके तालिबान पाकिस्तान का हाथ है। किसी का भी हाथ हो पाकिस्तान अपनी करनी में ख़ुद ही बुरी तरह फँस गया है और उसे इससे निकलने का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। पाकिस्तान का क्या होने वाला है अब यह सिर्फ खुदा ही जानता है द्य

लेकिन भारत एक सहिष्णु राष्ट है और यदि पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के प्रकोप से बचना चाहता है और इस इलाके में शांति चाहता है तो उसे अपनी गलती माननी चाहिए, स्वीकारना चाहिए की उसने आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत और विश्व में हत्याएं की हैं, करवाई हैं और वह इसके लिए माफ़ी माँगता है, भविष्य में ऐसे आतंकवादियों को प्रश्रय नहीं देगा, सारे आतंकवादी अड्डों को स्वतः ख़त्म करना चाहिए, वहाँ रह रहे ऐसे आतंकवादी जिन्होंने भारत में आतंकवादी घटनाएँ करवाई है, की है उन्हें भारत को सौंपना चाहिए जिसमें प्रमुख हैं हाफ़िज़ सईद, असद मज़हूर , दावूद इब्राहिम इत्यादि। यदि पाकिस्तान यह सब नहीं करता तो भारत इस बार आतंकियों, आतंकी अड्डों और इनके पनाहगाहों का अंत कर ही चैन से बैठेगा।

# वाइब कोडिंग'- नई तकनीक का शुरुआती पायदान

**राकेश दुबे**

यह इस नई तकनीक का शुरुआती पायदान है। प्रोग्रामिंग का एक नया स्वरूप अपनी जड़ें जमा रहा है। इसके अंतर्गत कोडर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को केवल सॉफ्टवेयर की समग्र 'वाइब' यानी उसका इरादा, रंग-रूप, अनुभव और उसके वांछित व्यवहार को साधारण भाषा में प्रकट करना होता है और कंप्यूटर अपने आप ही कोड लिख लेता है।

**थोड़ा पीछे चलते हैं -** ओपन एआई के सह संस्थापकों में से एक आंद्रेज कारपथी उन शुरुआती लोगों में से हैं जिन्होंने गत फरवरी में एक्स पर एक पोस्ट लिखकर 'वाइब कोडिंग' की बात की थी। उन्होंने लिखा था, 'एक नए तरह की कोडिंग है जिसे मैं वाइब कोडिंग कहता हूं। जहां आप पूरी तरह धारा के बहाव में होते हैं और भूल जाते हैं कि कोड जैसा कुछ होता भी हैज्यहां तक कि मैं शायद ही अपने की बोर्ड को हाथ भी लगाता हूं।'

जब मैंने यह पढ़ा तो मुझे कुछ ऐसा याद आया जो हम भारतीय इतिहास में घटित होते देख चुके हैं। सन 1760 के दशक में भारतीय सूत कातने वाले चरखे का इस्तेमाल करके कच्चे सूत को धागे में बदलते थे।

उसके बाद बुनकर इस सूत से कपड़े बुनते थे। इंगलैंड में स्पिनिंग जेनी का आविष्कार हो चुका था। यह नई मशीन ऐसी थी कि एक ही सूत कातने वाला ढेर सारे स्पिंडल्स को चला सकता था। इससे सीमित समय में ही चरखे की तुलना में बहुत अधिक सूत तैयार किया जा सकता था। इसने और स्वचालित बुनाई ने इंग्लैंड के सूती वस्त्र उत्पादन में भारी इजाफा किया। इसे आगे चलकर पहली औद्योगिक क्रांति कहा गया। ब्रिटेन में बनने वाले सस्ते कपड़े भारतीय बाजार में छा गए। स्थानीय कारोबारियों के लिए उनसे प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल होने लगा। इससे सूत कातने वालों, बुनकरों और कारीगरों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के हालात बनने लगे।

वाइब कोडिंग और इस उदाहरण के बीच बहुत अधिक समानता है। वाइब कोडिंग के जरिये एक कंप्यूटर प्रोग्रामर भारी मात्रा में कोड तैयार कर सकता है। यह काम किसी एक व्यक्ति द्वारा पंक्ति दर पंक्ति लिखने की तुलना में बहुत तेजी से किया जा सकता है। इससे एक व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले काम में नाटकीय इजाफा हो सकता है। जिस तरह स्पिनिंग जेनी ने धागे के धीमे उत्पादन की समस्या को हल कर दिया था उसी तरह वाइब कोडिंग की मदद से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की गति को बेहद तेज किया जा सकता है। स्पिनिंग जेनी को चलाने के लिए चरखे की तुलना में बहुत कम कौशल की आवश्यकता थी। इसी प्रकार वाइब कोडिंग के लिए भी पारंपरिक कोडिंग की तुलना में बहुत कम कौशल की आवश्यकता होगी।

इस तकनीकी नवाचार को देखते हुए क्या हमें भी महात्मा गांधी की तरह सोचना चाहिए, 'चरखा मेरे लिए जनता की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करता है। जनता ने अपनी आज़ादी गंवा दी ठीक इस चरखे की तरह। चरखा ग्रामीणों के लिए खेती का पूरक था और यह उन्हें गरिमा प्रदान करता था। यह विधवाओं का मित्र और सहारा था। यह ग्रामीणों के आलस्य को दूर रखता था। चरखे के साथ ढेर सारे कामकाज या उद्योग जुड़े थे जैसे ओटना, आकार देना, रंगना और बुनना आदि। ये सारी गतिविधियां गांव के बढ़ई और लुहारों आदि को व्यस्त रखती थीं। चरखे ने देश के 7 लाख गांवों को आत्मनिर्भर बनाए रखा। चरखे की विदाई के साथ अन्य ग्रामीण उद्योग मसलन कोल्हू आदि भी चले गए। इन उद्योगों की जगह कोई नया उद्योग नहीं ले



सका। ऐसे में ग्रामीणों के विविध रोजगार छिन गए, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को क्षति पहुंची और इसके जरिये आने वाली थोड़ी बहुत संपदा भी चली गई।

अब क्या हमें इस बात को लेकर चिंतित होना चाहिए कि वाइब कोडिंग जैसे तकनीकी रुझान देश के 50 लाख से अधिक कंप्यूटर प्रोग्रामर्स में से बहुत बड़ी संख्या की नौकरी छीन लेंगे? उनका काम भारत के लिए विदेशी मुद्रा जुटाने का सबसे बड़ा सहारा है। यह क्षेत्र करीब 200 अरब डॉलर का राजस्व जुटाता है। कुछ लोग कहते हैं कि विदेशी पूंजी की यह भारी आवक रुपये को स्थिर बनाने में मदद करती है, आयात को मदद पहुंचाती है और विदेशी मुद्रा भंडार तैयार करती है। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरों में ऑफिस की जगह की मांग भी मुख्य तौर पर इसी क्षेत्र की बदौलत तैयार होती है।

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) बहुत बड़ी जगह पर अपना कार्यालय स्थापित करते हैं, इसे विनिर्माण को गति मिलती है और वाणिज्यिक अचल संपत्ति में भारी निवेश होता है। इससे वस्तुओं और सेवाओं पर उपभोक्ता व्यय को बढ़ावा मिलता है और खुदरा, स्वचालित, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपभोक्ता उद्योगों की मांग तेज होती है। इससे आतिथ्य उद्योग को भी खूब मदद मिलती है। कुल मिलाकर शहरी विकास को खासी गति मिली है।

सन 1990 के दशक के आरंभ में जब देश में कंप्यूटर का इस्तेमाल जोर पकड़ रहा था तब कई प्रकार के रोजगारों को लेकर भय और चिंता का माहौल था। इसे लेकर लंबी-लंबी बहसें हुईं। खासतौर पर बैंकिंग क्षेत्र पर नई तकनीक के प्रभाव को लेकर काफी बातें हुईं। भारत के डूबने का खतरा उत्पन्न हो ही रहा था कि वाई2के का अवसर सामने आया। अमेरिका और यूरोप को अचानक सैकड़ों की संख्या में कंप्यूटर प्रोग्रामर्स की जरूरत पड़ी ताकि कोड को बदला जा सके और तात्कालिक समस्या को हल किया जा सके।

संक्षेप में कहें तो कंप्यूटरों के शुरुआती दिनों में जब मेमरी और स्टोरेज दोनों बहुत महंगे थे तब प्रोग्रामर्स केवल अंतिम दो अंकों के सहारे वर्ष को दर्शाते थे ताकि स्टोरेज बचाई जा सके। हालांकि, जब वर्ष 2000 आया तो इस बात को लेकर चिंता जताई जाने लगी कि जब वर्ष 99 के बाद 00 आएगा तो कंप्यूटर प्रणालियां 00 को 2000 के स्थान पर 1900 समझ लेंगी। इससे गणना में भारी चूक हो सकती थी और यह चूक बैंकिंग प्रणालियों से लेकर लॉजिस्टिक्स, पॉवर ग्रिड, सरकारी रिकॉर्ड, विनिर्माण प्रक्रिया और अन्य असंख्य प्रणालियों को प्रभावित कर सकती थीं। व्यापक व्यवस्थागत नाकामियों का डर सताने लगा और यह भी कि कहीं सामाजिक उथल-पुथल की स्थिति न बन जाए। इसका इकलौता हल यही था कि एक व्यापक वैश्विक प्रयास किया जाए और दुनिया भर में अरबों कोड्स की समीक्षा की कोशिश की जाए, तारीख वाली जगहों को चिह्नित किया जाए तथा उन्हें चार अंकों वाले वर्षों के लिहाज से दोबारा प्रोग्राम किया जाए। इसमें बहुत अधिक मेहनत लगने वाली थी लेकिन इसके लिए समय-सीमा निर्धारित थी- 31 दिसंबर 1999। अनुमान लगाया जा रहा था कि वाई2के की समस्या को हल करने के लिए करीब 300 अरब डॉलर से 600 अरब डॉलर के बीच धनराशि व्यय होगी। इस दौरान बहुत बड़ी संख्या में यानी दुनिया भर में करीब 10 लाख कंप्यूटर प्रोग्रामर्स की जरूरत थी। इनमें से अधिकांश भारत से थे। यही वह अवसर था जब भारत में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस जैसी दिग्गज टेक कंपनियां तैयार हुईं।

जैसा कि आप देख सकते हैं, जिसे एक बड़ी संभावित आपदा के रूप में देखा जा रहा था वह भारत के वैश्विक रसूख के उभार की वजह बन गई। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमारे यहां बड़े पैमाने पर प्रतिभाशाली काम करने वाले मौजूद थे। क्या यह संभव है कि वाइब कोडिंग का आसन्न संकट औद्योगिक क्रांति के दौर में हथकरघों के लिए हुई तबाही के बजाय वाई2के के समान अवसर प्रदान करने की वजह बन जाए?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# कॉलेज प्रोफेसरों को छटवें वेतनमान के अनुरुप अकादमिक ग्रेड पे



**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के प्रोफेसरों को अब छटवे वेतनमान स्कीम के अनुरुप अकादमिक ग्रेड पे मिलेगा। इससे उन्हें हर माह नौ हजार से दस हजार अकादमिक ग्रेड पे दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कॉलेजों में पदस्थ प्राध्यापकों को इसका भुगतान समय पर करने को कहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा और सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को इस संबंध में निर्देश जारी कर समयसीमा के भीतर कार्यवाही करने को कहा है।भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु मई 2025 तक सभी प्राध्यापकों के वेतन निर्धारण की प्रक्रिया कर वेतन भुगतान करने और तीन माह के अंदर संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा से वेतन निर्धारण का अनुमोदन लेने को कहा गया है। कार्यरत प्राध्यापकों को एरियर की प्रथम किश्त का भुगतान दिसंबर 2025 तक एवं शेष दो किश्तें जुलाई 2026 एवं जुलाई 2027 तक भुगतान करने की कार्यवाही पूर्ण करने को कहा गया है।सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को एरियर का भुगतान एकमुश्त माह दिसंबर 2025 तक करने को कहा गया है।

# बिशनखेड़ा फिटर हर दिन हो जाता खराब शहर की बिजली व्यवस्था भी बिगड़ी



**औबेदुल्लागंज( संवाददाता)।** नगर के बिशनखेड़ा बिजली फिटर में आए दिन खराबी से नागरिक परेशान है। इधर बिजली विभाग के अधिकारी इस समस्या का हल जल्द निकाल लेने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह फिटर हर दिन फाल्ट हो जाता है, पर इसका स्थाई समाधान नहीं खोजा जा रहा हैं। नगर के समाजसेवियों एवं नागरिकों ने इसकी शिकायत सीएम हैल्पलाइन में भी कर दी है, साथ ही विधुत क्षेत्र अधिकारी को ज्ञापन देकर इस समस्या का स्थायी समाधान की मांग की है। नगर में थोड़ी ही हवा तूफान आने पर शहर की लाइट चली जाती है। विगत रात से बिजली-आती है फिर जाती है, विगत रात नागरिकों को बगैर कुलर-पंखे के गर्मी में मच्छारों का शिकार बनकर सोना पढ़ रहा है व्यवसायी एवं तकनीकी कार्य करने वाले लोगों के तकनीकी उपकरण खराब हो गए,जिससे भारी नुकसान हो रहा है। नगर सहित वार्ड क्रमांक 2 महावीर कालोनी, विजय नगर, जानकी नगर सीएल नगर, सनोटी, विशनखेड़ा में बिगड़ी विधुत सप्लाई व्यवस्था को लेकर उप महा प्रबन्धक ;बिजली विभाग, को ज्ञापन सौंपा ओर सात दिवस में नगर की विधुत व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया , मांग पूरी न होने पर जन आंदोलन की बात भी की।

# शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन आज से

**सिवनी।** मालवा माटी के गौरव पूज्य सद्गुरूदेव भगवान पं. कमलकिशोर के नागर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण और ज्ञानयज्ञ भव्य दिव्य आयोजन के कल से शुरू हुई जिसमें कथा स्थल का स्थान निज निवास मंगलीपेठ, सिवनी में दिनांक 7 मई 2025 से 13 मई 2025 तक कथा व्यास पूज्य आशीर्वाद महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) वाले श्री बांके बिहारी की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा में सपरिवार और नगर के सभी लोग पधारकर धर्म लाभ अर्जित करें पता महावीर मढ़िया सिवनी से दोप. 2 बजे से कथा समय दोप. 3 बजे से सायं 6.30 बजे तक इसके अलावा हवन पूर्णाहुति ब्राम्हाण कन्या भोज भंडारा दिनांक - 14 मई 2025 दिन बुधवार को होगा इस कथा का आयोजन मांगलिपेठ निवासी मोहन यादव-श्रीमति लता यादव जजमान के रूप में होंगे इसके अलावा रुपेश यादव, राजेन्द्र सिंह, (राजू) राहुल यादव,, आभास यादव एवं समस्त यादव परिवार इस कथा में सहयोगी के रूप में सम्मिलित होंगे यादव परिवार ने कथा में पधारने का आग्रह किया है और कथा सुनकर पूर्ण लाभ कमाए।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा आज

**सिवनी।** भारतीय प्रशासित जम्मू और कश्मीर में पहलगाम के पास पॉच सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रेल 2025 को पर्यटकों पर हमला कर 28 नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्त नाबूद कर वहॉ छुपे आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया, भारतीय सेना के इस साहसिक कार्यवाही से समुचे देश के जनमानस की छाती को गर्व से चौड़ा कर दिया। भारतीय जनमानस इस आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान में छुपे आतंकवादियों से बदला लेने की मांग कर रहा था जो कि भारतीय सेना ने आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर ध्वस्त कर दिया, जिसमें वहॉ छुपे सैकड़ो की संख्या में आतंकी मारे गये। सेना की इस कार्यवाही से समुचे देश की जनता सेना के शौर्य पर गर्व कर रही है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय सेना की इस कार्यवाही पर सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा छिन्दवाड़ा चौक से लेकर नगरपालिका से होकर नेहरू रोड़, गांधी चौक शुक्रवारी तक जायेंगी।

# अमृत योजना पेयजल आपूर्ति देने ताप्ती नदी पर बनाए सात करोड़ के बैराज में तकनीकी खामियां

## चंद्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी रायपुर के वर्ष 19 में बनाए बैराज की साइड वॉल चार बार टूट चुकी



**सांध्य प्रकाश बैतूल।** शहर को अमृत योजना के तहत पेयजल आपूर्ति देने के लिए ताप्ती नदी पर बनाए गए सात करोड़ रुपए के बैराज में भारी तकनीकी खामियां सामने आई हैं। रायपुर की चंद्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 2019 में बनाए गए। इस बैराज की साइड वॉल चार बार टूट चुकी है। अब इस बार सिंचाई विभाग खुद इसकी मरम्मत करेगा। इसके लिए नगर प्रशासन विभाग चार करोड़ रुपए सिंचाई विभाग को देगा। बैराज की मूल डिजाइन में ही गंभीर खामियां हैं। सिंचाई विभाग के एसई विपिन बामनकर के मुताबिक निर्माण के समय न तो बैराज की की-वॉल बनाई गई और न ही एप्लेक्स यानी अधिकतम जलस्तर का विश्लेषण किया गया। यही वजह है। कि तेज बहाव में वॉल बार-बार टूटती रही। विभाग ने अब मौके का मुआयना कर रिवाइज ड्राइंग डिजाइन तैयार करना शुरू कर दिया है। तीन बार खेत बह चुके दो एकड़ जमीन नदी में समा गई। बैराज बनने के पहले साल ही 2019 में इसका दाहिनी तरफ का तटबंध टूट गया था। जिससे ताप्ती किनारे बसे किसान की जमीन बह गई। 23 जुलाई 2021और 25 जुलाई 2023 को भी किसान संजू बड़ौदे की दो एकड़ जमीन पानी में समा गई। नगरपालिका ने लाखों खर्च कर मरम्मत की लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। अब सिंचाई विभाग बनाएगा 60 मीटर की वॉलनगरीय प्रशासन और जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों की भोपाल में बैठक के बाद तय हुआ। कि 170 मीटर लंबे बैराज के दाहिने छोर पर लगभग 60 मीटर लंबाई में ऋष्टष्ट वॉल बनाई जाएगी। सिंचाई विभाग इसकी मरम्मत जल्द शुरू करेगा ताकि मानसून में काम बाधित न हो। बिना सिंचाई विभाग की सलाह के बैराज की मंजूरी दी गई थी। सिंचाई विभाग ने स्पष्ट किया कि इस बैराज की डीपीआर तैयार करते समय विभाग से कोई तकनीकी सलाह नहीं ली गई। विभाग के मुताबिक बैराज की डिजाइन में 9 मीटर ऊंचाई तक पानी के बहाव और फ्लड लेवल का कोई आंकलन नहीं किया गया। रिपोर्ट में केवल यह लिखा है। कि एक हजार क्यूसेक का बहाव रहेगा। लेकिन इसे झेलने की क्षमता नहीं दर्शाई गई। आपको बता दे की बैराज के जरिए 28 हजार घरों को रोजाना 9 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है। 25 करोड़ रुपए की लागत से ताप्ती से बैतूल नगर तक 21 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। मोटरें रोज 65 लाख लीटर पानी टंकियों तक पहुंचाने का काम करती है

# सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों का समय सीमा पर निराकरण किया जाए



**मंडला।** जिला योजना भवन में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाइन की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें।कलेक्टर आईडी में जो शिकायतें हैं उन्हें प्राथमिकता से लेते हुए प्रत्येक प्रकरण में फॉलोअप करें एवं समुचित जवाब दर्ज कराएं।सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है इसलिए दैनिक आधार पर फॉलोअप लेते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं।50 दिवस एवं 100 दिवस वाली शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है यह स्थिति ठीक नहीं है।उन्होंने कहा कि समग्र ई-केवाईसी का काम मंद गति से चल रहा है इसकी गति बढ़ाएं।आवश्यकतानुसार आधार कैम्प लगाएं। समाधान के संबंध में अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख समाधान के एट्रीब्यूट्स को अच्छी तरह पढ़ें और उनसे संबंधित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए निराकरण कराएं।बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएम वर्मा सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## राशन प्राप्त करने के लिए ई- केवायसी 15 मई तक कराना अनिवार्य

नरसिंहपुर. जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी 15 मई तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 15 मई तक ई- केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह जून 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा।

# एकलव्य छात्रावास सेमरखापा के गबन मामले को अधिकारियों ने संज्ञान में लिया

## प्राचार्य जी.एल.कांबड़े द्वारा किए गए शासकीय गबन राशि का हुआ खुलासा




**मंडला/अजीत पटेल**--जिले में जहां एक तरफ आदि उत्सव और कन्यादान योजना जैसी नेताओं की तिजोरी भरने वाले कार्यक्रमों में करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ ताल से ताल से ताल मिलाकर आदिवासी जनजातीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा आदिवासी बच्चों का शिक्षा, स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य के नाम पर शोषण के साथ-साथ खुलेआम भ्रष्टाचार कर शासन द्वारा आवंटित राशियों में करोड़ों रुपए आदर्श आवासीय विद्यालय सेमरखापा अचली में प्राचार्य के पद पर पदस्थ जिन्हें प्रशासनिक लापरवाहियों के तहत निलंबन एवं अन्य कार्यवाहीयां कर दिया गया है,जिसका मामला न्यायालय में स्टे-आर्डर के साथ मामला विचाराधीन है, वहीं सिविल सेवा अधिनियम 1961 (ग) तथा सिविल सेवा अधिनियम 1961/3 तहत जिसके खिलाफ प्रशासनिक लापरवाहियों तथा गबन, भ्रष्टाचार एवं शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न जैसे और भी मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा मामला विचाराधीन होने पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर उनसे समस्त शासकीय प्रभार तत्काल विभागीय आला-अधिकारियों को वापस लेने का प्रावधान है बावजूद इसके, विभाग के जिम्मेदारों द्वारा मामले को अनदेखा कर संविधान तथा शासकीय आदेशों का उलंघन किया गया है साथ ही भ्रष्टाचारी और लापरवाहियों को संरक्षण प्रदान कर उक्त मामले में स्वयं की हिस्सेदारी तथा गबन राशि के बंटवारे का संदेह उत्पन्न किया गया है, विभाग के आला-अधिकारियों के इसी संरक्षण और लापरवाही के चलते जी.एल.कांबड़े के खिलाफ कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं कर उसे नहीं हटाया गया वहीं केन्द्रीय स्तर से जी.एल.कांबड़े के स्थान पर केन्द्रीय स्तर से पदस्थ रीना सिंग जो प्राचार्य के पद पर पदस्थ होकर आई है उनको प्रभार ना देकर जी.एल.कांबड़े को समस्त प्रभार सौंपा गया है जिसकी शिकायत रीना सिंग द्वारा विभागीय आला-अधिकारियों को पहले भी किया चुका है परन्तु जिम्मेदारों द्वारा उनके अधिकारों को नेस्तनाबूद कर मामले को अनदेखा कर शासकीय आदेशों तथा आवंटित राशियों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाई जा रही है।

# पथरिया दमोह रोड पर हुई लूट के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक दमोह ने किया खुलासा



**दमोह।** को प्रार्थी रीतेश चौरसिया पिता राकेश चौरसिया उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 पथरिया ने अज्ञात आरोपीगणों के द्वारा प्रार्थी एवं मोहित पटैल को रोक कर मोबाईल पैसे लूटने के संबंध में रिपोट लेख करायी थी। जो रिपोर्ट पर थाना पथरिया में अप. क्र. 262/25 धारा 309(6) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी रघु केसरी के मार्ग दर्शन में अज्ञात आरोपीगणों की तलाश हेतु टीम गठित कर अज्ञात आरोपीगणों की तलाश पतारसी की गयी । दौरान विवेचना मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जो मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेहीगणों की तलाश पतारसी की गयी जो संदेहीगण तनुज जाटव, आयुष दुबे एवं हीरो उर्फ अब्दुल रसीद दस्तयाब हुये जिन्हो पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुलिस की टेक्निकल टीम के साथ बारीकी से पूछँताछ की गई तो उसने बताया कि दिनांक 02.05.2025 को शाम करीब 11 से 11.30 बजे तीनों लोग के व्दारा तीनगुल्ली चौराहा पर पथरिया रोड पर कोई अकेला व्यक्ति को लूटने की सलाह हुयी बाद तीनों के व्दारा हीरो उर्फ अब्दुल की मोटर साईकिल से पथरिया रोड तरफ जाना और एक मोटर साईकिल बाला व्यक्ति जोरतला तिगड्डा पर अकेला मिलता जिसे रोक कर तनुज जाटव एवं आयुष दुबे के व्दारा उसका वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन एवं 60 रूपये नगद लूटा लेना तथा उसके बाद ग्राम जोरतला तरफ भाग जाना फिर जोरतला तरफ से छिरका बकैनी होते हुये छापरी तिगड्डा तरफ आ जाना जहां पर स्कूटी पर जाने वाले दो लड़के रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल का मिलना और उन्हे भी लूटने की सलाह की गयी फिर आरोपीगणों के व्दारा रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल को रोकना उसके बाद आरोपी तनुज जाटव के द्वारा स्कूटी की चाबी निकाल लेना उसके बाद तनुज जाटव एवं आयुष दुबे के व्दारा रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल के 3 मोबाईल एवं 600/- रूपये लूट लेना बताया और रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल के विरोध करने पर वही पास में पड़ी हुयी वीयर की बाटल उठा कर तनुज जाटव के व्दारा रीतेश चौरसिया के सिर में मारी थी जिससे रीतेश चौरसिया का सिर से खून निकल आया था। जो प्रकरण सदर में लूटे गये माल मसरूका को आरोपीगणों से विधिवत जप्त किया गया है।

**बरामद मसरूका** - आरोपी 1. तनुज जाटव से एक मोबाईल फोन नाथिंग कम्पनी का कीमती करीबन 25,000 /- (पच्चीस हजार रूपये)आरोपी 2. हीरो उर्फ अव्दुल रसीद से एक वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन कीमती करीबन 30,000/- रूपये एवं एक मोटर साईकिल होण्डा कम्पनी की कीमती करीवन 40,000/- रूपये

**गिरफ्तार आरोपी** - 1. आरोपी तनुज पिता स्व. रामअवतार जाटव उम्र 22 वर्ष निवासी सिविल वार्ड नं. 01 शोभानगर दमोह 2. आरोपी हीरो उर्फ अव्दुल रसीद पिता जिब्राईल रसीद खान उम्र 26 वर्ष निवासी धर्मपुरा वार्ड नं. 39 दमोह 3. आरोपी आयुष दुबे पिता राकेश दुबे उर्म 20 वर्ष निवासी पंलदी चौराहा, ढिमरौला मोहल्ला कोतवाली,इस दौरान कार्यवाही में निरी. सुधीर कुमार बैगी, उनि डी पी साहू, प्रआर. वीरेन्द्र, प्रआर भगत, प्रआर राकेश आठ्या, प्रआर सौरभ टण्डन, आर. रामसींग, आर. ओमप्रकाश, आर नरेन्द्र, आर.चा. मोहन एवं एनआरएस सदस्य केशव राठौर, हेमन्त यादव एवं विशेष टीम का योगदान रहा।

# 12वीं में अंचल के दो होनहारों ने प्रदेश में किया आष्टा का नाम रोशन

**आष्टा।** जीवन में कोई भी लक्ष्य आसान नहीं है, जरूरत है दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की और यह सब संभव ज्ञान अर्जित करने और अपने गुरूजनों की शिक्षा को अमल करने से है। विद्या एक ऐसा धन है जिसका न कोई क्षय हो सकता है और न ही इसे कोई लूट सकता है। विद्यार्थी जीवन किसी भी मायने में कम नहीं है। भले ही इसमें कई उतार-चढ़ाव हों, लेकिन अंत में यह सब सार्थक होता है। विद्यार्थी जीवन हमारे भविष्य के जीवन में बहुत कुछ निर्धारित करता है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने निज कार्यालय पर 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश में टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करने वाले अंचल के दो हौनहार विद्यार्थियों के स्वागत के दौरान व्यक्त किए। दोनों विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान, राकेश प्रजापति का साफा बांधकर स्वागत कर बधाई दी। ज्ञात रहे कि सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थी गोविंद मालवीय पुत्र रामसिंह मालवीय एवं नकूल प्रजापति पुत्र राकेश प्रजापति ने कक्षा 12वीं में उच्चतम अंक प्राप्त कर संपूर्ण प्रदेश में क्रमशः 8वां एवं 10वां स्थान प्राप्त किया है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि यह सब माता-पिता के संस्कार, गुरूजनों की शिक्षा व स्वयं विद्यार्थी की लगन से संभव हुआ है। किसी भी कार्य को करने और उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने में स्वयं की लगन व रूचि होना आवश्यक है। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से नगर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है यह हमारे नगर के लिए गौरव की बात है। स्वागत करने वालों में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, कुशलपाल लाला, रविन्द्रसिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

# सीएम मोहन के भाई ने जीतू पटवारी को भेजा 10 करोड़ का मानहानि नोटिस, जानें पूरा मामला



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में हुई एक सभा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री के भाई नारायण यादव पर गंभीर आरोप लगाए। पटवारी ने कहा कि सिंहस्थ के समय उज्जैन में होटल व्यवसाय करने वालों से 20 प्रतिशत नारायण टैक्स लिया जा रहा है। उनका दावा था कि यह टैक्स सभी होटल मालिकों, ठेकेदारों और शराब व्यवसायियों से वसूला जा रहा है, और इसे भोलेनाथ की नगरीका टैक्स कहा गया है।

**सीएम के भाई नारायण यादव का पलटवार**: एडवोकेट ने बताया कि नारायण यादव, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई हैं, एक 70 वर्षीय समाजसेवी हैं और यादव महासभा के अध्यक्ष भी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उनके ऊपर झूठे आरोप लगाए हैं, जिसके बाद नारायण यादव को यह मानहानि का नोटिस भेजा गया है। एडवोकेट ने कहा कि पटवारी ने सार्वजनिक मंच पर अपने बयान के माध्यम से जानबूझकर नारायण यादव की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि पटवारी का यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के अंतर्गत आता है, जो एक दंडनीय अपराध है। इस बयान ने न केवल नारायण यादव की छवि को धूमिल किया है, बल्कि उन्हें मानसिक पीड़ा भी दी है। इसलिए, उन्हें 10 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा गया और साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि पटवारी सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।नारायण यादव ने खुद को दयालु बाबा का नाम दिया।

पटवारी ने मंच पर अपने बयान के दौरान एक भजन भी गाया जिसमें नारायण टैक्स को लेकर मजाक किया। उन्होंने इंदौर में भी इसी तरह के आरोपों की हवा उठाई, जहां दयालु बाबा के नाम से प्रसिद्ध एक व्यक्ति से भी टैक्स वसूला जाता था। पटवारी ने यह भी दावा किया कि अब नारायण यादव ने खुद को दयालु बाबा का नाम दिया है।

**नारायण यादव बोले- माफी मांगे जीतू**

नारायण यादव ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया और नोटिस में लिखा कि पटवारी का बयान पूरी तरह से अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण था। उन्होंने इसे भारतीय दंड संहिता की धारा 356 के तहत आपराधिक कृत्य मानते हुए आरोप लगाया कि पटवारी का उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करना था और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाना था।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि पटवारी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए और साथ ही 10 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि अदा की जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो नारायण यादव कानूनी कार्रवाई करने का इरादा रखते हैं।

# नए पोप के नाम का हो गया ऐलान, 2000 साल में पहली बार अमेरिका को मिला ये सम्मान



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस के निधन के बाद गुरुवार को नए पोप के नाम पर मुहर लग गई है। रॉबर्ट प्रीवोस्ट ने वेटिकन के बिशप के तौर पर इस प्रभावशाली पदवी को संभाल लिया है। इसके साथ ही कैथोलिक चर्च के 2,000 साल के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि अमेरिका के किसी नागरिक को पोप के तौर पर चुना गया है।

बता दें कि रॉबर्ट प्रीवोस्ट को लियो 14 के नाम से जाना जाने वाला हैं। 69 वर्षीय रॉबर्ट ने अपनी पूरी जिंदगी पेरू में सेवा देते हुए बितायी है। ऑगस्टीनियन धार्मिक आदेश के सदस्य प्रीवोस्ट ने ये नई जिम्मेदारी उठाने के बाद अपना नाम लियो 14 रख लिया है।

गुरुवार को सिस्टिन चैपल की चिमनी से सफेद धुआं निकला था, जिसके साथ ही यह तय हो गया कि नया पोप चुन लिया गया है। पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में सेंट पीटर्स बेसिलिका के बेसमेंट से बोलते हुए अपने पहले संबोधन में लियो ने कहा है कि शांति आपके साथ हो। उन्होंने शांति, संवाद और धर्म प्रचार के मैसेज पर जोर दिया। उन्होंने पोप के पद की पारंपरिक लाल टोपी पहनी थी।

**ट्रंप बोले- इससे बड़ा सम्मान क्या हो सकता है**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि नए पोप का अमेरिकी होना हमारे देश के लिए बहुत ही गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा है कि इससे बड़ा सम्मान और क्या ही हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि हम आश्चर्य में पड़ गए और हम खुश भी हैं। लियो नाम अपनाने वाले आखिरी पोप लियो 14 थे, जो एक इतालवी थे और जिन्होंने 1878 से 1903 तक चर्च का नेतृत्व किया।

21 अप्रैल को हुआ था पोप फ्रांसिस का निधन 21 अप्रैल की सुबह पोप फ्रांसिस का निधन हो गया था। वेटिकन कैमरलेंगो कार्डिनल केविन फारेल ने उनके निधन की जानकारी देते हुए कहा था कि रोम के बिशप, पोप फ्रांसिस आज सुबह 7.35 बजे यीशू के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन यीशू और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या हाई लेवल पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं।

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बासौदा जिला विदिशा**

**पक्षकारों की अपील की तारीख पेशी एंव स्थान की सूचना**

प्रकरण क्रमांक 0238/अपील/2024-25 बासौदा दिनांक 24.04.2025

श्रीमति फूलबाई पत्नी लखनसिंह कुश्वाह निवासी ग्राम बावली बासौदा ...अपीलांट

**बनाम**

1. श्री गीताबाई पत्नी गिल्लू उर्फ सवल सिंह पुत्री हरलाल कुश्वाह निवासी मालथौन जिला सागर , 2. श्री गंगाबाई पत्नी कुन्दनसिंह पुत्री हरलाल कुश्वाह निवासी ग्राम सोठिया हाल निवास बड़े गणेश मंदिर भोपाल , 3. श्री जमनाबाई पत्नी गोविन्द पुत्र हरलाल कुश्वाह निवासी मालथौन ..............................................रेस्पाडेंट

**विज्ञप्ति**

एतद् जरिये रेस्पाडेंट सूचना दी जाती है कि अपीलांट श्रीमति फूलबाई पत्नी लखनसिंह कुश्वाह निवासी ग्राम बावली तहसील बासौदा की ओर से अधिवक्ता श्री नेतराम रघुवंशी द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार बासौदा के नामांत्रण पंजी क्रमांक 44 प्रमाणित दिनांक 27.08.2010 ग्राम बावली से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की है। जो इस न्यायालय की पंजी में दर्ज कर ली गई है। इस अपील की सुनबाई 14.05.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी बासौदा के न्यायालय में होगी। इसलिए यदि निश्चित तारीख को. आप स्वंय या न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील उपस्थित न हुए, तो अपील में एक पक्षीय निर्णय लिया जाऐगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

**उपखण्ड अधिकारी**
**बासौदा**

# लियो ड्राईफ्रूट्स एंड स्पाइसेज़ कोमिला डिफेंस कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट सेबड़ा कॉन्ट्रैक्ट

**मुंबई, एजेंसी।** लियो ड्राईफरूट्स और स्पाइसीज़ ट्रेडिंग लिमिटेड जो प्रीमियम गुणवत्ता के मसाले, सूखे मेवे और राशन उत्पादों के सोर्सिंग, प्रोसेसिंग, ट्रेडिंग और मार्केटिंग में एक विश्वसनीय नाम है, को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत कैटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट से एक महत्वपूर्ण अनुबंध प्राप्त हुआ है।समझौते के तहत, लियो ड्राईफरूट्स एंड स्पाइसेस सीएसडी आउटलेट्स को मसाले, घी और अन्य खाद्य उत्पादों की आपूर्ति करेगा। जबकि उत्पादों की दरें तय कर दी गई हैं, आपूर्ति की सटीक मात्रा प्रत्येक व्यक्तिगत पर्चेस ऑर्डर के आधार पर तय की जाएगी, जो पूरे अनुबंध अवधि के दौरान जारी की जाएगी।लियो ड्राईफरूट्स एंड स्पाइसिस को इस समझौते की प्रभावी तिथि से पहले बारह महीनों में लगभग 25 करोड़ के पर्चेस ऑर्डर प्राप्त होने की उम्मीद है।यह ऑर्डर ग्राहकों द्वारा लियो की गुणवत्ता और सेवा मानकों पर विश्वास को दर्शाता है। इससे कंपनी के व्यापार संचालन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे उसके बाज़ार में उपस्थिति मजबूत होगी और अतिरिक्त विकास के अवसर उत्पन्न होंगे।लियो ड्राईफरूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टरश्री कौशिक शाह ने कहा,कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट का ठेका अनुबंध लियो ड्राईफरूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## प्रो. महेश पंचाग्नुला ने पॉडकास्ट लॉन्च किया

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के प्रो. महेश पंचाग्नुला विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर के विकल्पों पर एक अभूतपूर्व पॉडकास्ट सीरीज़ शुरू कर रहे हैं। इसमें हर सप्ताह एक नए एपिसोड का प्रसारण होगा। इसका टाइटल है – 'प्रो. महेश पॉडकास्ट। फ्यूचर। सिम्प्लीफाइड'। इसमें छात्रों और अभिभावकों को विभिन्न विषयों में उपलब्ध आकर्षक अवसरों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसका मकसद विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में करियर के विकल्पों को सुलभ बनाना है। यह पॉडकास्ट स्पॉटिफाई, यूट्यूब, ऐपल पॉडकास्ट और अन्य सभी प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध होगा। आईआईटी मद्रास का एक मिशन कक्षा से परे शिक्षा का प्रभावी उपकरण बनाना भी है। यह पॉडकास्ट इसकी एक मिसाल है। 'प्रो. महेश पॉडकास्ट। फ्यूचर। सिम्प्लीफाइड' में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनने की संभावना है क्योंकि यह सभी को विश्वसनीय और अप-टू-डेट मार्गदर्शन देगा।

## एक्सिस मैक्स लाइफ ने प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी किये

**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप सर्वे इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी कर दिए हैं। इस सर्वेक्षण को दुनिया की अग्रणी मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स कंपनी कांतार के साथ मिलकर अंजाम दिया गया है। 25 भारतीय शहरों में 6,360 परिवारों में किए गए इस सर्वेक्षण से वित्तीय सुरक्षा को लेकर शहरी भारत की नब्ज को समझने में मदद मिली है। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा भरोसा टॉक्स के तहत इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट भारत में वित्तीय तैयारियों का शक्तिशाली मानक बनकर सामने आया है। यह भारत में प्रोटेक्शन नैरेटिव को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इंश्योरेंस ऑनरशिप के अब तक के सर्वोच्च स्तर के साथ इस साल का रिकॉर्ड प्रोटेक्शन कोशेंट उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में निर्णायक बदलाव दिखाता है।

## ईवीएस के खर्चों के लाभ - भारत को इलेक्ट्रिक बनने की ओर सशक्त बनाना

**भोपाल ।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने का ट्रेंड तेज़ी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है, और इसकी सबसे बड़ी वजह है—खर्चों के मामले में पारंपरिक इंटरनल कम्बशन इंजन वाले वाहनों की तुलना में ईवीएस से साफ-साफ मिलने वाला फायदा। भले ही इसकी शुरुआती कीमत थोड़ी अधिक लगे, लेकिन लंबे समय में इलेक्ट्रिक वाहन टिकाऊ और किफायती मोबिलिटी की तलाश कर रहे खरीदारों के लिए बिल्कुल उपयुक्त और समझदारी भरा निर्णय बन जाते हैं। टाटा इवी इस बदलाव का झंडाबरदार बन गया है, जो ईवीएस और आईसीई मॉडल्स के बीच कीमतों की खाई को तेज़ी से पाट रहा है। वाहन चलाने और उसके रखरखाव के बेहद कम खर्च के साथ, ईवीएस न सिर्फ भविष्य का वाहन बन रहे हैं, बल्कि एक कार का मालिक होने के मामले में भी नई परिभाषाएं गढ़ रहे हैं। वाहन पोर्टल के डेटा के अनुसार, साल 2024 में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में ज़बरदस्त उछाल दर्ज किया गया है।

## आईआईएम रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार ने मिलकर सार्वजनिक नीति और शासन में पूरी तरह से वित्तपोषित एमबीए शुरू किया

**रायपुर एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर, जो बिल्डिंगबिजनेस ओनर के रूप में पहचान रखता है, ने 'पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस' में दो वर्षीय एमबीए कार्यक्रम लॉन्च किया है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख पहल मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के अंतर्गत पूर्ण रूप से वित्तपोषित है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए कुल 36 छात्रों का चयन किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई 2025 है। यह अनूठा कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता को व्यावहारिक शासन अनुभव के साथ जोड़कर सार्वजनिक नीति में भावी नेताओं को विकसित करने के लिए बनाया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं को राज्य के विकास में योगदान देने के लिए सशक्त बनाया जा सके। छत्तीसगढ़ सरकार छात्रों की पूर्ण ट्यूशन फीस वहन करेगी।

## एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट ने अपने 'अनफॉरगेटेबलजर्नीज़' कैंपेन की नई विज्ञापन फिल्म लॉन्च की

**नई दिल्ली एजेंसी।** एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में मोबिलङ्ग ब्रांड के लुब्रिकेंट्स बेचती है, ने अपने 'अनफॉरगेटेबलजर्नीज़' कैंपेन की नई विज्ञापन फिल्म लॉन्च की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपर स्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगेऔरइसमेंदुनियाकेअग्रणीसिंथेटिकइंजनऑयलब्रांडमोबिल 1ङ्ग को प्रमुखता से दिखाया गया है। यह विज्ञापन ऋतिक के जुनून, भारत जैसे देश के सपने देखने वाले और मेहनती लोगों की सोच, और मोबिल 1ङ्ग के शानदार प्रदर्शन को एक साथ जोड़ता है। ये तीनों बातें एक समान भावना से जुड़ी हैं, कुछ अलग और बेहतर करने की लगातार चाह। इस नई फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार ऋतिक रोशन अपने पिता, मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन के साथ स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। ऋतिक की पहली सुपरहिट फिल्म 'कहो ना प्यार है' को 25 साल पूरे हो गए हैं। यह कैंपेन उनके कभी न रुकने वाले जोश और यादगार परफॉर्मेंसेस की तलाश को सलाम करता है।

# भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला, रद्द किए आईपीएल के बचे मैच

### धर्मशाला में मैच रद्द होने के बाद लिया गया यह फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब क्रिकेट की दुनिया में भी साफ दिखने लगा है। ताजा जानकारी के अनुसार, बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 के बाकी सभी मैचों को रद्द करने का बड़ा फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई की ऑनलाइन हुई एक बैठक में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। बता दें कि इस सीजन में कुल 74 मुकाबले खेले जाने थे, जिनमें से अभी 16 मैच बाकी हैं।

बीते दिन धर्मशाला में खेला गया आईपीएल 2025 का 58वां मुकाबला जो पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हो रहा था, उसे भी अचानक रद्द कर दिया गया था। शुरुआत में फ्लड लाइट्स की खराबी को मैच रद्द करने की वजह बताया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद हवाई हमले की चेतावनी जारी होने के



बाद पूरे स्टेडियम को खाली करा लिया गया। इस मैच में लगभग 23,000 दर्शक मौजूद थे, और सभी को कड़ी सुरक्षा के बीच स्टेडियम से बाहर निकाला गया।

### सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान में भारत में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है, और सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े सार्वजनिक आयोजनों पर अस्थायी रोक लगाने की सिफारिश की थी। इस सिफारिश का पालन करते हुए बीसीसीआई ने यह कड़ा कदम उठाया है। क्रिकेट के फैंस के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि ढ्ढक्क एक ऐसा खेल है जिसे करोड़ों लोग देखना पसंद करते हैं। हालांकि, वर्तमान स्थिति को देखते हुए सुरक्षा को सर्वोपरि माना गया है।

### क्या आईपीएल 2025 दोबारा शुरू हो पाएगा?

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या ढ्ढक्क 2025 के मैच फिर से शुरू हो पाएंगे या इस सीजन को अधूरा ही मान लिया जाएगा? क्रिकेट प्रशंसकों के बीच इस सवाल को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। बीसीसीआई और संबंधित अधिकारी स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं और किसी भी निर्णय से पहले सुरक्षा और सार्वजनिक भलाई को प्राथमिकता दी जाएगी।

**एशिया कप:** सितंबर में एशिया कप खेला जाएगा, लेकिन आईपीएल की वजह से अन्य देश भी इस दौरान अपनी सीरीज आयोजित नहीं कर रहे हैं। अगस्त में न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमें पहले से व्यस्त रहेंगी। वहीं, सितंबर में साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच भी मुकाबले निर्धारित हैं। भारत को इस समय एशिया कप में हिस्सा लेना है, लेकिन पाकिस्तान से चल रहे तनाव के बीच इस टूर्नामेंट का भविष्य भी पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं है। इसके अलावा, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच सीरीज भी होनी है। ऐसे में बीसीसीआई के लिए इस स्थिति में एक उपयुक्त विंडो ढूंढना बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

### बाद के भारत के शेड्यूल

20 जून से 04 अगस्त: इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच

17 अगस्त से 31 अगस्त: बांग्लादेश के खिलाफ 3 वनडे और 3 टी20

सितंबर: एशिया कप 2025

2 अक्टूबर से 14 अक्टूबर: वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट मैच

19 अक्टूबर से 8 नवंबर: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20

14 नवंबर से 19 दिसंबर: साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20

# एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की, 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीन दिन से भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत जारी है। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को हवा में नेस्तनाबूद कर रहा है। भारतीय सेना पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से लेकर लाहौर और सियालकोट तक धुआं मचाए हुए है। इन सबके बीच भारत की एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की।

एयर इंडिया ने अपनी एडवाइजरी में लिखा है कि हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के बारे में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आदेश के मद्देनजर, पूरे भारत में यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचें। ताकि, सुचारू चेक-इन और बोर्डिंग सुनिश्चित हो सके। प्रस्थान से 75 मिनट पहले चेक-इन बंद किया जा सके।

इंडिगो ने लिखा है 'इन असाधारण समय में, सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि सुरक्षा जांच और औपचारिकताओं के लिए अपनी यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय दें। हम आपकी समझदारी और सहयोग की सराहना करते हैं। अकासा एयरलाइन ने यात्रियों को आगाह करते हुए कहा कि भारत के सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपायों में बढ़ोतरी के कारण, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप प्रस्थान से कम से कम 3 घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें, ताकि एक सहज चेक-इन और बोर्डिंग अनुभव सुनिश्चित हो सके। कृपया सुनिश्चित करें कि आप हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए वैध सरकार द्वारा अनुमोदित फोटो पहचान दस्तावेज साथ लेकर आएं। आपके चेक-इन बैगेज के अलावा, केवल 7 किलोग्राम तक वजन वाले 1 हैंड बैग की अनुमति होगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी यात्रियों को बोर्डिंग से पहले द्वितीयक सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

अकासा की एडवाइजरी में आगे कहा गया कि समय बचाने के लिए, हम आपको हमारे मोबाइल ऐप पर ऑनलाइन चेक-इन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम आपके धैर्य और समझ की ईमानदारी से सराहना करते हैं और अकासा अनुभव पर आपका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। स्पाइस जेट ने यात्रियों से आग्रह किया है कि बीसीएएस द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन के अनुरूप, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ान के एसटीडी से 3 घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें।

# सोना खरीदने की तैयारी है तो जाने ये है आज का नया भाव



**मुंबई, एजेंसी।** मई में सोना या चांदी खरीदने की तैयारी कर रहे है तो पहले आप 9 मई का ताजा भाव जान लें। आज शुक्रवार को सोने के दाम में 1250 प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है लेकिन चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 98 हजार और चांदी के भाव भी 99 हजार के पार ट्रेंड कर रहे है। आज शुक्रवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 9 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 90,300 , 24 कैरेट का भाव 98, 500 और 18 ग्राम सोने का रेट 73,890 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 99,000 रुपए चल रहा है।

### 18 कैरेट सोने का आज का भाव

दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 73 890/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 73, 760/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 73, 800 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 74, 350/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

### 22 कैरेट सोने का आज का भाव

भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 90, 200/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 90, 300/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 90, 150/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

### 24 कैरेट सोने का आज का भाव

भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 98,400 रुपये। दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 98, 500/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 98, 350/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 98,350/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है। जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 99,000 /- रुपये चल रही है। चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,11,000/- रुपये। भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 99,000/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

# टाइटन वर्ल्ड देश भर में अपने स्टोर्स में परफ्यूम मेकिंग के साथ मदर्स डे का जश्न मनाने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** खुशबू में यादों को तरोताज़ा करने की अनूठी ताकत हाती है और माँ की खुशबू की बात करें तो यह कई लोगों के लिए स्थायी और सुकून देने वाली होती है। तो इस मदर्स डे के मौके पर टाइटन वर्ल्ड आपको ऐसे उपहार के साथ प्यार भरे इस रिश्ते को सम्मान देने के लिए आमंत्रित करता है, जिसे वह हमेशा याद रखेंगी, एक परफ्यूम जो उनके प्यार की तरह हमेशा सदाबहार रहेगा। सोच-समझ कर तैयार किए गए इन-स्टोर अनुभव के साथ प्यार भरे इस रिश्ते का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। 10 और 11 मई को देश भर में 163 से अधिक टाइटन वर्ल्ड स्टोर एक खास परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन करने जा रहे हैं, जहां उपभोक्ताओं को अपने जीवन की सबसे खास महिला- अपनी माँ के साथ कुछ यादगार पल बिताने का मौका मिलेगा। इस एक्टिविटी के तहत



मेहमानों को फ्रेगरेन्स ब्लेंडिंग की कला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जहां वे असेंशियल ऑयल्स के क्युरेटेड सलेक्शन का उपयोग कर पर्सनलाइज़्ड 50 एमएल परफ्यूम तैयार करेंगे। इसे कोई भी व्यक्ति अपनी माँ के साथ मिलकर बना सकता है या अपनी प्यारी माँ को सरप्राइज़ गिफ्ट देने के लिए तैयार कर सकता है। यह अनुभव निश्चित रूप से कस्टमाइज़्ड फ्रैगरेन्स के साथ खुशी, पुरानी यादों और जुड़ाव की भावना को जागृत करेगा। यह इन-स्टोर एक्टिवेशन खरीददारी के दायरे से आगे बढ़कर उपभोक्ताओं को अनूठा और यादगार अनुभव प्रदान करने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर श्री राहुल शुक्ला, वाईस प्रेज़ीडेन्ट एवं चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर, वॉचेज़ एण्ड वियरेबल्स, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''टाइटन में हम हमेशा से उन रिश्तों का जश्न मनाने में भरोसा रखते हैं जो जीवन में सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। इस अनूठी परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी के साथ हम उपभोक्ताओं को सही मायनों में दिल को छू जाने वाला व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना चाहते हैं, इसके ज़रिए वे न सिर्फ एक उपहार बल्कि अपनी माँ के साथ कुछ यादें भी बनाएंगे।

## डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ की थीम वाली मेगा टाउनशिप के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ मिलकर काम किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना सीडीडीएमओटीएम मॉडल में प्रवेश किया है। थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9 प्रतिशत तक आरओआई प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है। पुणे के तेजी से विकसित हो रहे उत्तरी हिंजेवाड़ी में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस टाउनशिप में 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब, 128 निजी विला प्लॉट, 112 रिसॉर्ट निजी निवास, 300 चाबियों वाला 5-सितारा लक्जरी रिसॉर्ट, 9 विवाह स्थल स्थल, 12 कॉर्पोरेट और एमआईसीई स्थल, एक्सट्रीम एडवेंचर पार्क, डेला रेंज गोल्फ, स्वास्थ्य सुविधाएं और डेला की विशिष्ट डिजाइन संवेदनाओं द्वारा संचालित अनुभवात्मक स्थान शामिल होंगे। टाउनशिप की समकालीन जैविक और ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला और डिजाइन शैली घर के मालिकों और निवेशकों की नई पीढ़ी की सौंदर्य संबंधी प्राथमिकताओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है जो अनुभवात्मक जीवन, स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक परिसंपत्ति विकास को महत्व देते हैं।

**एआई-आधारित नवाचार को तेज़ कर बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने की पहल**

# एसबीआई लाइफ ने 'हैक-एआई-थॉन' लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने हैक-एआई-थॉन के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों जैसे ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुंच बढ़ाना और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में सहयोग कर सकते हैं। एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण किया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, पुणे, दिल्ली और चेन्नई में आयोजित रीजनल राउंड के लिए 50 से अधिक टीमों का चयन किया गया। इन फाइनलिस्ट में से शीर्ष 15 टीमों को मुंबई में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। जूरी इन समाधानों का मूल्यांकन मौलिकता, व्यावहारिकता और वास्तविक दुनिया में उपयोगिता के




आधार पर करेगी। एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख श्री रविंद्र शर्मा ने लॉन्च के अवसर पर कहा, जब विभिन्न विचारधाराओं वाले लोग पारंपरिक सीमाओं से बाहर आकर मिलते हैं, तभी नवाचार तेजी से आगे बढ़ता है और फलता-फूलता है। युवा प्रतिभाओं को साइबर सुरक्षा, पर्सनलाइज़ेशन और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे वास्तविक जीवन की चुनौतियों को हल करने के लिए आमंत्रित कर, 'हैक-एआई-थॉन' बीमा उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य-उन्मुख समाधान प्रस्तुत करने को प्रोत्साहित करता है। यह पहल ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तकनीक-आधारित सहयोगात्मक दृष्टिकोण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## घायल की मदद के लिए तत्परता से आगे आए सांसद



छिन्दवाड़ा। अपने दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के मानवीय पहलू से सभी परिचित हैं! एक बार फिर सांसद श्री साहू ने अपने संवेदनशील होने का परिचय दिया है। दरअसल सांसद श्री साहू पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के कार्यक्रम उपरांत हर्रई से छिंदवाड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी नज़र सड़क किनारे पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी, जो जख्मी हालत में दर्द से कराह रहा था। सांसद श्री साहू ने फौरन अपनी गाड़ी रुकवाई और घायल की मदद के लिए तत्परता से आगे आए। सांसद श्री साहू ने तत्काल एंबुलेंस को बुलाने के लिए फोन किया। सिर्फ इतना ही नहीं एंबुलेंस आने तक वे घायल को दिलासा देते हुए एंबुलेंस का इंतजार करते रहे। जैसे ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची सांसद श्री साहू ने इस दुर्घटना में घायल आजीविका मिशन में हर्रई में पदस्थ नोडल अधिकारी देवानंद दाहिया को अपने साथियों की मदद से एंबुलेंस के स्ट्रेचर पर लेटा कर अस्पताल पहुंचाया।

## कार्यपालन यंत्री ने किया नहर के गहरीकरण कार्य का निरीक्षण



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा जम्होडीपण्डा स्थित इंटक वेल के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस इंटक वेल से ही धरम टेकडी स्थित फिल्टर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली एवं सहायक यंत्री विवेक चौहान ने नहर के गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## शंकराचार्य ने चार मंठो स्थापना की



चौरई। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा जिला समन्वय अखिलेश जैन के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक ललिता कुशरे के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चौरई में आदि गुरु शंकराचार्य का व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुशील तिवारी उपस्थित रहे, श्री तिवारी द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी के व्याख्यान माला कार्यक्रम अंतर्गत आदि गुरु शंकराचार्य क़ीजीवनी पर प्रकाश डाला गया, उनके जीवन चरित्र चित्रण को विद्यार्थियों के समक्ष बताया गया एवं जन अभियान परिषद क़ी विकासखंड समन्वयक श्रीमति कुशरे ने आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन को चरितार्थ करने वाले प्रसंगो को विद्यार्थियों के समक्ष बताया गया व परामर्शदाता संदीप शर्मा द्वारा व्याख्यान माला के दौरान बताया क़ी भारत वर्ष मे आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा ही चार मठो क़ी स्थापना क़र धर्म के प्रचार प्रसार का कार्य क़ी व समरसता के भाव का सन्देश दिया ! इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से गहरसिंग मेहदोले, मनीष तिवारी, रामदयाल यादव, श्याम रघुवंशी, संगीता पाण्डेय, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## एरोबिक्स, योग व ध्यान का प्रशिक्षण दिया




छिंदवाड़ा। विद्याभूमि पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैम्प के छटवां दिन प्रशासिका डॉ. श्रीमति विजया यादव द्वारा श्री गणेश एवं लक्ष्मीनारायण भगवान की आराधना के साथ दिन की गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। इस कैम्प में प्रातः 6.45 से 7.45 तक डॉ. श्रीमति विजया यादव द्वारा एरोबिक्स, योग व ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समर कैम्प के छटवें दिन रेट्रो थीम पर टीचर्स 70- 80 के पहले दशक के फिल्मी सितारों के गेटअप में नजर आए बालीवुड के हीरों, हीरोइनों का दौर ताजा हो गया।

## प्रथम पिता शशिकांत वर्मा ने पाये 95 प्रतिशत



छिंदवाड़ा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के मेघावी छात्र प्रथम पिता शशिकांत माता शिखा नंदनी वर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश की हाई स्कूल परीक्षा में 95त्न अंक पाकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। प्रतिवर्ष मेघावी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप राशि देने वाले वार्ड 18 के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद श्री अभिलाष जी गौहर ने उन्हें ? 10000/ की राशि देकर सम्मानित किया । पिछली बार शानदार सफलता अर्जित करने वाली वार्ड की कुमारी ऐश्वर्या भारती को भी अभिलाष गौहर ने राशि देकर सम्मानित किया था। अपने मार्गदर्शक पूर्व वार्ड पार्षद जी से सम्मान पाकर भाव विभोर हुए प्रथम वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता अपने गुरुजनों को दिया है। विदित रहे कि स्केटिंग में भी प्रथम का राज्य स्तरीय स्पर्धा में चयन हुआ है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गांवों का हो रहा चहुंमुखी विकासः विवेक साहू

# आने वाली पीढ़ियों की चिंता हम सभी को करना होगाः प्रहलाद पटेल

**बातरा में दूधी नदी, सुरला खापा में शक्कर नदी और छिंदी में सीतारेवा नदी के उद्गम स्थल पर पंचायत मंत्री और सांसद ने किया पूजन , छिंदी में आयोजित हुआ पंच सरपंच सम्मेलन**






छिंदवाड़ा। आने वाली पीढ़ियों की चिंता हम सभी को करना होगा, सामुदायिक सहयोग से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है, बारहमासी नदियों पर संकट आएगा तो नर्मदा जैसी बड़ी नदियों पर भी संकट आएगा। यह बात जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तामिया के ग्राम बातरा में दूधी नदी के उद्गम स्थल सुरलाखापा में स्थित शक्कर नदी के उद्गम स्थल और ग्राम छिन्दी में स्थित सीतारेवा नदी के उद्गम स्थल पर आयोजित पूजन अर्चन के कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कही। ग्राम छिंदी में पंच सरपंच सम्मेलन कर आयोजन भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रमों को पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल,सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और विधायक राजा कमलेश शाह ने भी संबोधित किया। वहीं सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने ग्राम छिंदी में हजारी लाल साहू के निवास स्थान पर आमजनों से मुलाकात करते हुए बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के दूसरे माह में तामिया की ग्राम पंचायत हर्रा कछार के ग्राम बातरा में दूधी नदी के उद्गम स्थल, सुरलाखापा में स्थित शक्कर नदी के उद्गम और ग्राम छिंदी में स्थित सीतारेवा नदी के उद्गम स्थल पर गुरुवार 8 मई को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वही ग्राम छिंदी में पंच सरपंच सम्मेलन कर आयोजन भी किया गया। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के साथ

सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथिगणों ने गांव में कन्याओं का पूजन किया। इसके बाद श्री पटेल एवं सांसद श्री साहू द्वारा बातरा में दूधी नदी के उद्गम स्थल और सुरला खापा में स्थित शक्कर नदी के उद्गम स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर महापौर विक्रम अहके, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, भाजपा नेत्री कामिनी शाह, श्रीमती केसर नेताम, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल राय, राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची, पवन बंजारा, नीलेश पटेल, विनोद चंद्रवंशी, श्रीमती दीपा श्याम डेहरिया, वरिष्ठ पार्षद विजय पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता हजारी लाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई, युवा नेता अजय सक्सेना, धमेन्द्र मिगलानी, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

## केशव साहू के निवास बधाई देने पहुंचे पूर्व सांसद नकुलनाथ



छिंदवाड़ा। पूर्व सांसद नकुलनाथ कांग्रेस के जिला महामंत्री केशव साहू के सुपुत्री कृतिका एवं दामाद गौरव साहू को बधाई देने उनके नये निवास पर बधाई देने पहुंचे। केशव साहू की पत्नी चन्दा साहू, पुत्र ओजस्व साहू एवं साहू परिवार ने नकुलनाथ का स्वागत किया।

### नवीन शिक्षा सत्र से विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश...

## सांसद ने अमरवाड़ा आईटीआई में दी 5 नये ट्रेडों की सौगात

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने क्षेत्रवासियों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए अमरवाड़ा शासकीय आईटीआई में पांच नये ट्रेडों की सौगात दी है। इन नये ट्रेडों में नवीन शिक्षा सत्र से प्रवेश प्रारंभ किया जायेगा। अमरवाड़ा प्रवास के दौरान विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह सहित यहां के जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों ने सांसद श्री साहू से आईटीआई में नये ट्रेड खोले जाने की मांग की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, विभागीय मंत्री सहित अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें पत्र लिखा था। जिसके बाद ही अमरवाड़ा शासकीय आईटीआई में पांच नये ट्रेड खोले जाने की स्वीकृति मिल चुकी है। उल्लेखनीय है कि अमरवाड़ा में विगत 2018 से शासकीय आईटीआई संचालित की जा रही है। जिसमें अभी तक मात्र एक ट्रेड कम्प्यूटर ऑपरेटर व प्रोग्रामिंग असिस्टेंट ही संचालित हो रहा था। क्षेत्र के विद्यार्थियों की शासकीय आईटीआई के प्रति रूचि एवं वर्षो से उठ रही मांग को देखते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने इसे गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, विभागीय मंत्री व अधिकारियों से जल्द से जल्द इस शासकीय आईटीआई में नये ट्रेड शुरू करने के लिए चर्चा की थी। सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### इन नये ट्रेडों की मिली स्वीकृति

सांसद के प्रयासों से शासकीय आईटीआई अमरवाड़ा में पांच नये ट्रेडों की स्वीकृति मिल गई है। जिसके तहत अब विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा सत्र से इलेक्ट्रीशियन,फिटर,डीजल मैकेनिक, स्टेनोग्राफर एवं सोलर टेक्नीशियन में प्रवेश मिल सकेगा। साथ ही विद्यार्थियों को शासकीय आईटीआई में ही ई लाईब्रेरी की सुविधा भी जल्द मिल सकेगी। अमरवाड़ा की शासकीय आईटीआई में पांच ट्रेड शुरू किए जाने पर भाजपा के जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष गणेश कंगाली, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी, उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लेखवती चैनसुख जंघेला, नगर मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारियों, नगर पालिका के पार्षदगणों, जनपद सदस्यों और कार्यकर्ताओं व आमजनों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, सांसद बंटी विवेक साहू एवं विधायक कमलेश शाह का आभार व्यक्त किया है।

## वॉलीबॉल शिविर में पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल कहा खेल जीवन में संघर्ष की सीख देते हैं



छिन्दवाड़ा। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जुन्नारदेव में चल रहे ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें खेलों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, श्री शेषराव यादव, महापौर श्री विक्रम अहके, पूर्व विधायक श्री नथनशाह कवरेती, श्रीमती गरिमा दामोदर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे । मंत्री पटेल ने कहा कि मैदान से जुड़ाव हमें संघर्ष करना सिखाता है और यही संघर्ष आगे चलकर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है। छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करते रहने का आह्वान किया। मंत्री श्री पटेल ने आयोजन समिति को 37 वर्षों से निरंतर इस शिविर का सफल आयोजन करने के लिए बधाई भी दी। उल्लेखनीय है कि यह निशुल्क प्रशिक्षण शिविर वर्ष 1989 में स्व. एस.एस. शर्मा द्वारा प्रारंभ किया गया था, जो अब जुन्नारदेव की पहचान बन चुका है। इस वर्ष भी यह शिविर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में संचालित हो रहा है, जिसमें करीब 250 छात्र-छात्राएं नौ मैदानों पर 50 वॉलीबॉल के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## प्रखर राज अग्रवाल बने जिले के प्रथम चार्टर होल्डर

### (सी.एफ.ए. परीक्षा की उत्तीर्ण)

छिंदवाड़ा। प्रखर अग्रवाल पिता स्व. राजेश (राजू) राधेश्याम अग्रवाल, माता श्रीमती पुष्पा देवी राजेश अग्रवाल निवासी - गांधीगंज छिंदवाडा जिले के प्रथम चार्टर होल्डर बने उन्होनें सी. एफ. ए. की परीक्षा उत्तीर्ण कर इस उपाधि को हासिल की है । सी.एफ.ए. चार्टर धारकचार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट (सी.एफ.ए.) चार्टर रखने वाला व्यक्ति कहलता है, यह एक प्रतिष्ठित पेशेवर पदनाम है जो (सी.एफ.ए.) इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान किया जाता है, जो निवेश विश्लेषण और पोर्टफोलियो प्रबंधन में उच्च स्तर की क्षमता को दर्शाता है । इस परीक्षा को उम्मीदवार सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूरा कर अन्य व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करता है, उसे सीएफए चार्टर से सम्मानित किया जाता है और वह सीएफए चार्टर-धारक बन जाता है। सी.एफ.ए. चार्टर प्राप्त करना एक अत्यधिक चयनात्मक प्रक्रिया है। पाँच में से एक से भी कम उम्मीदवार (सी.एफ.ए.) चार्टर धारक बन पाते हैं, और हमारे जिले प्रखर अग्रवाल राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में शामिल होने वाले जिले के एकमात्र विद्यार्थी हैं, जिन्होनें यह परीक्षा उत्तीर्ण कर इस उपाधि को प्राप्त किया है । उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माताजी श्रीमती पुष्पा, बड़े पापा दिनेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल एवं चाचा विजय अग्रवाल सहित सभी परिवारजन एवं हितैषियों को दिया ।

## पुष्कर गिरड़कर बने राज्य उप विजेता

### मंदसौर में हुआ बैडमिंटन राज्य स्पर्धा का आयोजन



छिंदवाड़ा। मंदसौर मे राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर स्टेट टूर्नामेंट का आयोजन 2 से 7 मई तक किया गया,जिसमे जिले के प्रतिभा वान खिलाडी पुष्कर गिरडकर ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा के उदयीमान खिलाड़ी पुष्कर गिरड़कर लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में भाग लेकर जिलों को गौरवांवित कर रहे है। पुष्कर गिरड़कर ने अपने मैचों की श्रृंखला में लविन कुल्हाड़े (उज्जैन) लक्ष्य पांडेय( ग्वालियर) तनय जायसवाल (धार) को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मे खेले गए संघर्ष पूर्ण मैच में पुष्कर 2-1 से स्वर्णिम विकाश पाण्डेय (भोपाल) से पराजित होकर प्रदेश में 2 क्रम पर रहे । इसी के साथ छिंदवाड़ा की खुशी मालवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार मैच जीत कर अंतिम चक्र मे अपना स्थान सुनिश्चित किया। खिलाड़ियों ने अपनी जीत व सफलता का श्रेय कोच एवं मार्गदर्शक जावेद खान, राकेश चौरसिया, रोनी मोदी, अरविंद गिरड़कर, विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा, पवन मालवी को दिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 340 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से पुष्कर को 10,000 की राशि, प्रमाणपत्र एवं ट्राफी प्रदान की गई । राज्य स्तर पर पुष्कर सहित जिले के खिलाड़ियों को मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन संघ पदाधिकारी श्री राजेश अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह बैस, अभिषेक पटनी, दारा जुनेजा, परमजीत विज, अजहर खान, असलम खान, जगदीश देशमुख ने शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में 634 जोड़े ने लिए सात फेरे

## परंपरागत रीति-रिवाजों से कराई सभी धर्मों के जोड़ों की शादी



सांध्य प्रकाश बैतूल। सामूहिक विवाह सम्मेलन शाहपुर में आयोजन किया गया। जिसमें कुल 634 जोड़ों ने एक-दूसरे के साथ सात फेरे लेकर जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। यह आयोजन सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का प्रतीक बना। क्योंकि इसमें विभिन्न धर्मों के जोड़ों की शादी उनके-अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराई गई। इस आयोजन में कुल 634 आवेदन पात्र पाए गए थे। हर धर्म के जोड़ों की शादी उनकी परंपराओं के अनुसार कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, जनपद अध्यक्ष शिव शंकर मवासे एवं जनपद उपाध्यक्ष रोशनी विशाल सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि, एसडीएम डॉ अभिजीत सिंह, तहसीलदार सुनयना ब्राम्हे, जनपद सीईओ अमित दुबे उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने दूल्हा-दुल्हन की बैठने की व्यवस्था से लेकर भोजन मंच और विवाह मंडपों तक हर पहलू पर बारीकी से निगरानी रखी गई। यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल बना समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया। कि सभी धर्म जाति और वर्ग के लोग एक मंच पर आकर सामाजिक परंपराओं को मजबूती दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पात्र कन्याओं को उनके विवाह के समय कुल 55 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जिसमें 49 हजार रुपये का चेक सीधे कन्या के नाम से दिया जाता है। ताकि वह अपने नए जीवन की शुरुआत सशक्त रूप से कर सके, जबकि 6 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन के लिए दिए जाते हैं। इस योजना का लाभ वही परिवार उठा सकते है। जो मध्य प्रदेश के मूल निवासी हों जिनकी कन्या की उम्र कम से कम 18 वर्ष और वर की उम्र 21 वर्ष हो। योजना का बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। जिसका क्रियान्वयन सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है।

## जलभराव समस्या को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने विधायक हेमंत खंडेलवाल से मिला



बैतूल। महावीर वार्ड टिकारी निवासियों ने विगत कई वर्षो से चली आ रही घरों में बारिश के जल भराव की समस्या को लेकर गुरुवार को विधायक हेमंत खंडेलवाल से मिले प्रतिनिधि मंडल ने श्री खण्डेलवाल को अवगत कराया। की बरसात के दौरान घरों में पानी भर जाता है।लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्री खंडेलवाल ने समस्या को संज्ञान लेते हुए नपा में एई धुर्वे को फोन कर निर्देश दिए कि वे महावीर वार्ड के निवासियों और वार्ड पार्षद से मिलकर इस समस्या का शीघ्र समाधान करे। प्रतिनिधि मंडल में श्यामराव बारस्कर अध्यक्ष जय अंबे दुर्गा उत्सव समिति, राजेन्द्र नामदेव, राजेश मालवी, राजेश सूर्यवंशी, सुखदेव सोनी, यूडी लिखितकर, संतोष ढोकले, रमेश बारस्कर वार्ड पार्षद और बलवीर मालवी शामिल थे।

## अनुशासन और एकाग्रता से ही प्रावीण्यता प्राप्त होती है -कैलाश परमार

आष्टा। नकुल प्रजापति ने स्वाध्याय को अपना कर मध्यप्रदेश की प्रावीण्यता सूची में अपना नाम दर्ज करा के हमारे अंचल का, अपने माता पिता और मार्गदर्शक गुरुजन का गौरव बढ़ाया है । कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ पढ़ाई लिखाई से नकुल प्रजापति को प्राप्त सुयश का हम अनुमोदन करते हैं ।

सी. एम. राइज स्कूल के उनके शिक्षक गण और उनके माता पिता भी बधाई के पात्र है । नकुल का सुयश सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद है । यह उद्गार पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कक्षा बारहवीं में राज्य स्तरीय प्रावीण्यता प्राप्त छात्र नकुल प्रजापति का अभिनन्दन करते हुए व्यक्त किये । अपनी सफलता से प्रफुल्लित बायोलॉजी के छात्र नकुल ने बताया कि उन्हें बारहवीं में 94.8 प्रतिशत अंको के साथ सभी अनिवार्य विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त हुई । वो अपने सुयश का श्रेय माता पिता द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुकूल वातावरण तथा शिक्षकों के समुचित प्रोत्साहन को देते हैं । जीव विज्ञान के क्षेत्र में ही आगे बढ़ने को लालायित नकुल प्रजापति ने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी शुरू कर दी है । उनका कहना है कि आत्म नियंत्रण और एकाग्रता से सेल्फ स्टडी करके वो बारहवीं के परिणाम की तरह ही अपने अगले लक्ष्य को प्राप्त करेंगे । कैलाश परमार के साथ ही एडवोकेट सुरेंद्र परमार, पत्रकार संजय जैन किला, वीरेंद्र सिंह परमार, सुनील प्रगति आदि ने भी नकुल प्रजापति का दुपट्टा और माला पहना कर सम्मान किया तथा उन्हें बधाई दे कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं ।

## बांदकपुर वासियों को पीले चावल देकर भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने दिया निमंत्रण

दमोह प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने आज बांदकपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने पीले चांवल देकर ग्रामवासियों को कॉरीडोर भूमिपूजन के लिये आमंत्रित किया और भगवान जागेश्वरनाथ माता पार्वती के दर्शन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये प्रार्थना की। इस अवसर पर डीआईजी सुनील कुमार जैन, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बहुत दिनों से सारे लोग प्रतीक्षा कर रहे थे की जागेश्वर लोक का भूमि पूजन कब होगा तो वह शुभ घड़ी आ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी हम सबके बीच में होंगे और बांदकपुर जागेश्वरनाथ लोक का भूमि पूजन करेंगे। यहां बहुत दिव्य और भव्य कार्यक्रम होगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने बताया कॉरीडोर भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका अभिलिप्सा पांडा भी सबके बीच में होंगी, जो शिव भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर शमां बाधने का काम करेंगी।

राज्यमंत्री लोधी ने नागरिकों से आग्रह किया हैं अधिक से अधिक संख्या में पधार कर जागेश्वरनाथ लोक के भूमि पूजन कार्यक्रम में सभी पधारे। उन्होंने कहा आज सांसद राहुल सिंह लोधी,राज्यमंत्री लखन पटेल, विधायक मलैया के साथ सब लोगों को पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित करने का काम किया है। यहां दिव्य और भव्य कार्यक्रम संपन्न होगा, यह एक बड़ी उपलब्धि जागेश्वरनाथ लोक के रूप में पर्यटन विभाग के द्वारा प्राप्त होगी, यह बहुत भव्य लोक बनके तैयार होगा।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी बांदकपुर कॉरिडोर के भूमि पूजन अवसर पर पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के स्वागत की तैयारियां का जायजा लिया गया हैं। साथ ही बांदकपुर ग्राम में सभी को पीले चावल देकर निमंत्रण दिया गया हैं। साथ-साथ आसपास के गांव में सभी जगह पीले चावल भिजवाकर सभी लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं, क्योंकि यह बहुत बड़ा काम और पुण्य कार्य भी हैं। साथ ही साथ बांदकपुर का विकास भी तेज गति से होगा, दमोह बांदकपुर मिलने में 10 साल से ज्यादा का समय नहीं लगेगा दमोह-बांदकपुर एक हो जायेंगे।




राज्यमंत्री पटेल ने कहा जिस तरीके से कॉरिडोर की योजना बनी और इसका काम होना है, ये बहुत ही दर्शनीय, भव्य और दिव्य होगा। उन्होंने कहा मेरी ओर से मुख्यमंत्री और राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह का भी बहुत-बहुत धन्यवाद, जिनकी वजह से दमोह जिले में सौगात दी उसके लिए उनका बहुत बहुत आभार।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा बड़ी प्रसन्नता का विषय है, कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉं मोहन यादव जी का आगमन हो रहा है, व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, सारी तैयारी हो गई हैं। पीले चावल देकर पूरे बांदकपुर में सभी लोगों को आमंत्रित किया हैं। पहले बुंदेलखंड खजुराहो के नाम से जाना जाता था लेकिन जब यह कॉरिडोर बन के तैयार होगा, जब बुंदेलखंड का नाम लिया जाएगा तो बॉदकपुर प्रथम स्थान पर निकल कर आएगा। आने वाले समय में संपूर्ण बुंदेलखंड बांदकपुर के नाम से जाना जाएगा। सांसद लोधी ने कहा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महादेव जी ने सबको कुछ दिया है, कल वह तारीख तय हो गई है, कॉरिडोर का निर्माण प्रारंभ हो रहा है।

सांसद लोधी ने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा इस पल के साक्षी बनें और अधिक से अधिक संख्या में यहाँ पहुंचे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह, वरिष्ठ विधायक जयंत कुमार मलैया, राज्यमंत्री लखन पटेल की गरिमामय उपस्थिति में इसका भूमि पूजन होने जा रहा है। यहाँ क्षेत्र में भी सभी को आज पीले चावल देकर आमंत्रित किया है, साथ में बड़ी संख्या में अलग-अलग ग्राम पंचायत के सरपंच भी आए हैं, सभी लगे हुए हैं, यह कार्यक्रम भव्य और दिव्य बनेगा। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण भरोसा है जिस प्रकार का जोश और उत्साह आज यहाँ देखने मिल रहा है कल भूतों न भविष्यति होने वाला हैं। इतिहास के पन्नो में 9 मई का समय दर्ज होने वाला है।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बांदकपुर कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमि पूजन करने के लिए आ रहे है, सारी तैयारियां का जायजा मंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह और मंत्री धर्मेन्द्र सिंह सभी लोगों ने लिया हैं। तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं, लोगों में बहुत उत्साह है।

## सोशल मीडिया से




## ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में एक छोटा सा अनुरोध

हम भारतीय सेना की भलाई के लिए 1,000 प्रार्थनाओं की श्रृंखला बना रहे हैं। एक प्रार्थना कहें और इसे दस लोगों को आगे भेजें, मुझे छोड़कर। इस श्रृंखला को आगे बढ़ने दें


ओम नमो भगवते महासुदर्शनाय, वासुदेवाय, अमृत कलश हस्ताय, सकल भय विनाशाय, सर्व रोग निवारणाय, त्रिलोक पथाय, त्रिलोक निधये, ओम श्री महाविष्णु स्वरूपाय, ओम श्री श्री औषध चक्र नारायणाय नमः।

वेदों के अनुसार, यह एक बहुत शक्तिशाली मंत्र है जो हमें स्वस्थ रखता है। कृपया इस प्रार्थना को स्वयं ठीक से पढ़ें और फिर इस मैसेज को आगे बढ़ाएं और कम से कम दस लोगों को भेजें।




"अभी पिक्चर बाकी है..." - ये तीन शब्द जनरल मनोज नरवणे ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहे, और एक नई उम्मीद जगा दी। जब वर्दी बोलती है, तो हर दिल और हर दुश्मन की धड़कन थम जाती है। जय हिन्द हमारी सेना को सलाम !







# त्रि-दिवसीय जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ
















# ऑपरेशन सिंदूरः अलर्ट मोड पर मप्र, राजधानी से लेकर कई शहरों में पुलिस मुस्तैद

**भोपाल।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के बाद एमपी के कई शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर में सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा ग्वालियर में पुलिस मुस्तैद है। पूरे शहर में सायरन देकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। प्रदेश के सैन्य स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजधानी भोपाल में आने वाले वाहनों की चेकिंग चेक पॉइंट पर की जा रही है। एमपी मौजूद सेना के ठिकानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। ग्वालियर, कटनी, भोपाल, महू, जबलपुर में पुलिस अलर्ट पर है। इन शहरों में संदिग्ध लोगों की सड़क से लेकर रेलवे स्टेशनों तक में चेकिंग की जा रही है। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 भारतीय पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए। इसके बाद पाकिस्तान की तरफ सीजफायर तोड़ कर भारत पर गोलीबारी की गई। और अब हालात कुछ ऐसे हैं कि दोनों देश भारत-पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमलावर हैं।



### 66 वार्डों में सायरन

ग्वालियर में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश पर कमिश्नर मनोज खत्री ने 66 वार्डों की मैपिंग कर सायरन लगाने के निर्देश दिए हैं। संभागायुक्त ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे एक ही सिग्नल पर पूरे शहर के सायरन एक साथ बजे और जनता को समय रहते सतर्क किया जा सके।

### मंडला और नैनपुर में पेट्रोलिंग बढ़ी

मंडला में एएसपी, एसडीओपी और कोतवाली थाना प्रभारी ने शहर का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। वहीं, नैनपुर में भी थाना प्रभारी और एसडीओपी ने नगर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। यह सतर्कता जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के बाद से लगातार बढ़ाई जा रही है।

### ग्वालियर में फेक वीडियो और रील्स पर रोक

ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने आदेश जारी किया है कि किसी भी प्रकार के बिना पुष्टि के वीडियो, रील्स या मैसेज को सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निर्णय अफवाहों के कारण शहर में तनाव न फैले, इस उद्देश्य से लिया गया है।

### भोपाल एयरपोर्ट पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था, यात्रियों सहित एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर विशेष निगरानी

राजधानी के राजाभोज एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है। यहां पर यात्रियों सहित एयरपोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हालांकि अब तक यहां से फ्लाइट्स ऑपरेशन को लेकर कोई व्यवधान या रुकावट नहीं है। आगामी आदेशों के आधार पर काम किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, कल देर शाम एयरपोर्ट पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ था। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कि हमारे पास अब तक किसी तरह के खास निर्देश मुख्यालय से नहीं आए हैं।

### सेना के लिए ट्रक देने आगे आया एमपी का ट्रांसपोर्ट

इंदौर ट्रक ऑपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने सेना को 7.5 लाख ट्रक उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया है। संगठन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने 8 मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध में भी 1000 ट्रक सेना को दिए गए थे और अब ऑपरेशन सिंदूर के लिए राज्य का हर ट्रक समर्पित है।



### ताज उल मस्जिद में भारत की जीत के लिए दुआ

भोपाल की ताज उल मस्जिद में लोग जुमे की नमाज के लिए इकट्ठा हुए। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने मुस्लिम समाज को पाकिस्तान के नेस्तनाबूत होने और भारत की जीत के लिए दुआ करने की अपील की है।



प्राइम समर कैंप के राहुल प्रजापति एवं नताशा जैन द्वारा करीब सौ से अधिक बच्चों ने भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ बॉर्डर पर लड़ रहे सैनिको का उत्साह बढ़ाने के लिए नारे लगाकर सेल्यूट किया। इस अवसर पर भोपाल किराना व्यापारी महासंघ महामंत्री, एवं कैट के पूर्व प्रवक्ता विवेक साहू ने सभी बच्चों को भारत-पाकिस्तान के युद्ध के बीच की ताजा स्थिति की जानकारी देते हुए कहाँ कि हम सभी भारतीय नागरिक बॉर्डर पर जाकर तो नहीं लड़ सकते, परंतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बॉर्डर पर लड़ रहे हर सैनिक का हौसला जरूर बढ़ा सकते हैं। विवेक साहू ने बताया की प्राइम समर कैंप में 3 साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगाए।

# चंडीगढ़ में एयर अटैक की चेतावनी वाले सायरन गूंजे मोहाली में भी अलर्ट, लोगों को घर में रहने के निर्देश

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। गुरुवार रात को पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों को ड्रोन और मिसाइल से निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की थी और शुक्रवार को एक बार फिर उसने पंजाब में हमले करने की कोशिश की है। वायुसेना स्टेशन से संभावित अटैक की चेतावनी मिलने के बाद चंडीगढ़ में आज हवाई हमले की चेतावनी वाले अलर्ट वाले सायरन बज रहे हैं। इसके अलावा मोहाली में भी लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। पंजाब में सुरक्षा स्थिति के बिगड़ते हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अगले तीन दिनों के लिए पूरी तरह से बंद रखने का आदेश जारी किया है। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को घर पर रखें और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें। पंजाब के जालंधर में स्थित सुरनुसी ऑर्डनेंस फैक्ट्री को निशाना बनाने के प्रयास में एक पाकिस्तानी ड्रोन को भारतीय सुरक्षा बलों ने समय रहते निष्क्रिय कर दिया। यह ड्रोन डॉ.



बी. आर. अंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जालंधर के पास इंटरसेप्ट किया गया, जिससे एक बड़ा हमला टल गया। बता दें कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर से लेकर जैसलमेर तक भारत के लगभग कई शहरों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने इन सभी प्रयासों को विफल कर दिया।

